संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 05 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 236 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने राजस्थान में आम आदमी पार्टी की गारंटी कार्ड लॉन्च किया।

# 'लोकसभा चुनाव समय पर होंगे'

### केंद्र सरकार ने कहा- लोकसभा चुनाव समय से पहले या बाद में करवाने का इरादा नहीं

**संशय खत्म!**

**'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कार्यकाल के आखिरी दिन तक देश और जनता की सेवा करना चाहते हैं'**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** लोकसभा चुनाव समय से पहले या बाद में करवाने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। यह बात केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा। ठाकुर ने कहा, 'आम चुनाव समय से पहले या बाद में करवाने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।' उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कार्यकाल के आखिरी दिन तक देश और जनता की सेवा करना चाहते हैं। भाजपा लंबे समय से एक चुनाव के समर्थन में है। इससे समय-धन बचेगा। इसका इस्तेमाल गरीबों के लिए, देश के विकास के लिए हो सकता है।' दरअसल, संसद का विशेष सत्र बुलाने और एक देश-एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के गठन के बाद ऐसी अटकलें बढ़ गईं कि लोकसभा चुनाव समय से पहले हो सकते हैं। वहीं, एक देश- एक चुनाव पर रामनाथ कोविंद कमेटी ने अधिसूचना जारी होने के अगले ही दिन इस पर काम शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय कानून मंत्रालय के टॉप ऑफिसर्स ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से मुलाकात कर उन्हें एक देश-एक चुनाव के मसले पर ब्रीफिंग दी है। केंद्रीय कानून सचिव और इस कमेटी के सचिव नितेन चंद्रा, विधायी सचिव रीता वशिष्ठ और अन्य ने भी कोविंद से इसे लेकर मुलाकात की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर लिखा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए।

### एक देश-एक चुनाव कमेटी में 8 सदस्य

**एक देश-एक** चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनाई गई समिति के लिए सरकार ने 2 सितंबर को आठ सदस्यों का नाम जारी किया था। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्यसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी का नाम शामिल है। इनके अलावा समिति में 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ. सुभाष कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य और विधि विभाग के सचिव नितेन चंद्र समिति के सचिव होंगे। अधीर रंजन चौधरी ने कमेटी में शामिल होने से इनकार करते हुए कहा कि नतीजे पहले से ही तय हैं। हालांकि, सरकारी सूत्रों के हवाले से न्यूज एजेंसी अठकने कहा कि नामों के साथ नोटिफिकेशन जारी होने से पहले अधीर रंजन चौधरी ने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव कमेटी' का हिस्सा बनने के लिए अपनी सहमति दे दी थी।

# पीएम मोदी ने एक भी दिन छुट्टी नहीं ली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 2014 में देश की सत्ता संभालने के बाद से पिछले 9 सालों में एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है। सरकार ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में यह बात कही है। जानकारी में कहा है, पीएम हर समय ड्यूटी पर रहते हैं।

**असम के सीएम ने शेयर किया जवाबः** पुणे के आरटीआई एक्टिविस्ट प्रफुल सारदा ने पीएमओ में आरटीआई दायर कर यह जानकारी मांगी थी। आरटीआई का जवाब पीएमओ के अवर सचिव परवेश कुमार ने दिया। जवाब को असम के सीएम हेमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर शेयर किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में बताया था कि पीएम कैसे काम करते हैं। बैंकॉक में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा था, मुझे लगता है कि इस समय पीएम मोदी जैसा व्यक्ति होना देश का बहुत बड़ा सौभाग्य है। और मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि वह आज के पीएम हैं और मैं उनके मंत्रिमंडल का सदस्य हूं। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जब आपके सामने सदी में एक बार होने वाली स्वास्थ्य चुनौती (कोरोना) होती है, तो केवल वही व्यक्ति जो इतना जमीन से जुड़ा हो, कह सकता है कि ठीक है स्वास्थ्य संबंधी चुनौती है। लेकिन काम से घर जाने वाले व्यक्तियों के लिए क्या किया जाएगा, आप उन्हें खिलाने के लिए क्या करेंगे, आप उनके खाते में पैसे कैसे डालेंगे, महिलाएं पैसे का बेहतर प्रबंधन करेंगी, यह किसी के मन में नहीं आया होगा? ये केवल मोदी ही थे जो इस लेवल पर बात करते थे।

**विशेष सत्र**

**2014 में संभाली थी सत्ता, तबसे लगातार काम कर रहे, आरीटीआई से हुआ खुलासा**

## फास्ट न्यूज

### उदयनिधि के बयान पर संत हुए नाराज जारी

**हैदराबाद**: चिलकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन ने तमिलनाडु के लोगों से द्रमुक को सत्ता से हटाने और मंदिर व्यवस्था तथा सनातन धर्म में विश्वास करने वाले किसी व्यक्ति को चुनने का आह्वान किया। तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के उन्मूलन की अपील के संदर्भ में उन्होंने यह बात कही है। रंगराजन ने उदयनिधि की टिप्पणी पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने पिता एमके स्टालिन से सनातन धर्म के इतिहास के बारे में पूछना चाहिए। एक वीडियो संदेश में मंदिर के अन्य पुजारियों के साथ रंगराजन ने कहा-हमने उदयनिधि स्टालिन का बयान देखा है, जो तमिलनाडु सरकार में मंत्री हैं। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना मलेरिया, कोरोना वायरस और डेंगू से की है। सबसे पहले, वह एक संवैधानिक पद पर हैं। उन्हें बकवास या इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए।

### 'निमुसुलाइड ड्रग प्रतिबंधित क्यों नहीं'

**नई दिल्ली। दिल्ली** हाई कोर्ट ने गिद्धों के संरक्षण की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार से पूछा कि निमुसुलाइड नामक ड्रग को प्रतिबंधित नहीं करने की वजह क्या है। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने 20 सितंबर तक इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

# सरकार ने शुरू की अंतरिम बजट की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सरकार ने** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट की तैयारी शुरू कर दी है। वित्त मंत्रालय ने इसके लिए एक सकुर्लर जारी कर विभिन्न विभागों एवं मंत्रालयों से व्यय संबंधी ब्योरा मांगा है। वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के बजट प्रभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट संबंधी परिपत्र जारी किया है। इसके लिए वित्तीय सलाहकारों को पांच अक्टूबर तक जरूरी ब्योरे मुहैया कराने को कहा गया है। बजट परिपत्र के मुताबिक सभी मंत्रालयों एवं विभागों को समर्पित कोष वाले स्वायत्तशासी निकायों या अनुपालन संस्थाओं का भी ब्योरा देना होगा।

# मां-बाप की जगह कोई नहीं ले सकताः हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने कहा है कि पहली पत्नी की मौत के बाद शख्स अगर दूसरी शादी करता है तो भी उसे पहली पत्नी से हुए बच्चे से अलग नहीं किया जा सकता। यहां तक की मां-बाप आर्थिक संकट से भी जूझ रहे हों, उस स्थिति में भी बच्चे के पेरेंट्स की जगह कोई नहीं ले सकता। कोर्ट ने सोमवार को एक मामले में पिता को बेटे से मिलने की अनुमति देते हुए यह कमेंट किया।




**पिता पर दहेज के लिए पत्नी की हत्या का आरोपः** मामला साल 2010 का है, बच्चे की मां की मौत हो गई थी। महिला के परिजन ने दामाद के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया। शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया। 2 साल जेल में बिताने के बाद 2012 में कोर्ट ने उसे बरी कर दिया था। इस फैसले को ससुराल के लोगों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।







# जी20: 'सुरक्षा को लेकर तैयार दिल्ली'

## अर्धसैनिक बल और दिल्ली पुलिस संभालेगी मोर्चा: मीनाक्षी लेखी, अब तक कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**तैयारी**

**▶▶ 52 स्थानों पर 250 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है, इतनी संख्या में सम्मेलनों को संभालना कोई मजाक नहीं है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**


**नई दिल्ली** में जी20 बैठक को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, यहां तक कि सुरक्षा इंतजामों का भी बार-बार जायजा लिया जा रहा है। इसी बीच, केंद्रीय विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने जी20 शिखर सम्मेलन में सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों को साझा किया। उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बल, दिल्ली पुलिस और कई अन्य लोग सुरक्षा कार्यों में लगे हुए हैं और उन्होंने कहा कि राजधानी सुरक्षित और संरक्षित होनी चाहिए।"

**सुरक्षा को लेकर तैयार दिल्ली:** केंद्रीय राज्य मंत्री लेखी ने जी20 की तैयारियों, नेताओं और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा पर बात की। उन्होंने कहा, "जहां तक सुरक्षा का सवाल है, उस व्यवस्था की देखभाल अर्धसैनिक बलों, दिल्ली पुलिस सहित विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही है और कई अन्य लोग उस प्रक्रिया में लगे हुए हैं।"

**अब तक कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन:** लेखी ने भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन की विविधता पर भी जोर देते हुए कहा, "हमने लगभग 52 स्थानों पर 250 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है, इतनी बड़ी संख्या में सम्मेलनों को संभालना कोई मजाक नहीं है। अगर कोई चीज सही ढंग से नहीं की गई, तो यह एक बुरे और भयानक सपने जैसा हो जाएगा, लेकिन अब तक सब कुछ बिल्कुल सही ढंग से किया गया है।" केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने जी20 शिखर सम्मेलन के लिए चुने गए अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों का भी जिक्र किया।

लेखी ने कहा, "हमने भारत की सभी बेहतरीन चीजों के जरिए भारत की संस्कृति की कहानी को प्रदर्शित करने की कोशिश की है।




### एयरपोर्ट जाने वाले ध्यान दें! दिल्ली में सभी सीमाओं से मिलेगी एंट्री

**प्रगति** मैदान में जी-20 का आयोजन होगा। यहां पर आईपी पार्क से राजघाट तक रिंग रोड 10 सितंबर की सुबह पांच बजे से दोपहर एक बजे तक यातायात के लिए बंद रहेगा। एनसीआर के लोगों को एयरपोर्ट जाने के लिए प्रतिबंधित क्षेत्रों को बाइपास कर वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करना होगा।

**एंट्री के लिए दिखाना होगा टिकट:** यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली की सभी सीमाओं से लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। जिन्हें एयरपोर्ट अपने वाहन से जाना है, उन्हें जांच के लिए टिकट दिखाना होगा। इसके साथ ही यात्रा के समय से काफी पहले वह अपनी यात्रा शुरू करें। प्रमुख मार्गों पर वीवीआईपी आवाजाही के कारण 10 से 15 मिनट तक के लिए यातायात रोका जा सकता है। इस स्थिति में यात्रियों को अपनी यात्रा के लिए पर्याप्त समय लेकर ही अपनी यात्रा की योजना बनानी होगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आठ से 10 सितंबर तक यदि जरूरी न हो तो निजी वाहन से यात्रा करने से बचे। शिखर सम्मेलन के आयोजन के दौरान मेट्रो सेवा संचालित रहेगी। ऐसे में यात्रा के लिए मेट्रो सेवा ही बेहतर विकल्प है।



### 'हमारा देश बहुत ज्यादा समृद्ध'


**लेखी** ने कहा कि भारत के प्रत्येक पहलू को प्रदर्शित करना असंभव है। उन्होंने कहा, "मैं कहना चाहती हूं कि हमारा देश इतना समृद्ध है कि हम चाहकर भी इतने थोड़े समय में सब कुछ नहीं दिखा सकते हैं। हम जो कुछ भी प्रदर्शित करने जा रहे हैं, वह मेरे देश के कुल समृद्धि का 1000 वां हिस्सा भी नहीं है। मैं बहुत गौरवान्वित भारतीय हूं, कि मैंने अपना जीवन यहीं बिताया है और मुझे लगता है कि अपने देश को जानने के लिए एक जिंदगी काफी नहीं है।"

**9-10 सितंबर को होगा आयोजित:** गौरतलब है कि शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को दो दिनों तक आयोजित किया जाएगा। इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में 20 सदस्य समेत 40 देशों के नेता और प्रतिनिधि शामिल होंगे। जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन प्रगति मैदान के भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में होगा।

**सुरक्षा कर्मियों की फुल ड्रेस रिहर्सल**
शिखर सम्मेलन से पहले शनिवार को दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने तैयारियों के तहत फुल ड्रेस रिहर्सल भी की। दिल्ली पुलिस ने कुछ महीने पहले ही जी20 शिखर सम्मेलन के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी थीं। इस शिखर सम्मेलन से पहले और इस दौरान तैनात किए जाने वाले कर्मियों को अलग से ट्रेनिंग दी गई है, ताकि सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो। ट्रेनिंग में कर्मियों को केमिकल और जैविक हथियारों का उपयोग करना और संभावित खतरों से निपटने के लिए तैयार किया गया है।



### शिखर सम्मेलन के इतिहास की सबसे बड़ी भागीदारी



**जी20** शिखर सम्मेलन के इतिहास की सबसे बड़ी भागीदारी नई दिल्ली में देखी जाएगी। इसमें सदस्य देशों के नेताओं और आमंत्रित अतिथि देशों के लिए खास व्यवस्था की गई है और साथ ही कई मेगा इवेंट का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों का शिखर सम्मेलन का समापन होगा, जो पूरे साल मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और नागरिक समाजों के बीच आयोजित किया जा रहा था।

## रुपये देने के बहाने बुजुर्ग महिला को ठगने वाले कपल गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** कंझावला में धोखाधड़ी के मामले में एक कपल को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए कपल पैसे देने के बहाने लोगों के साथ ठगी को अंजाम देते थे।

**सोने और चांदी की अंगूठी बरामद:** गिरफ्तार हुए आरोपियों की पहचान गंगा (22) और शंकर (36) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी सोने की बालियां, एक सोने की अंगूठी और एक चांदी की अंगूठी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि एक बुजुर्ग महिला ने इस साल 26 जुलाई को शिकायत दी थी। महिला ने पुलिस को बताया कि वह नारायना विहार मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी थी, तभी एक महिला उसके पास आई। महिला पूछने लगी कि क्या उसके नियोक्ता ने उसे वेतन नहीं दिया है। पुलिस ने बताया कि उसने बुजुर्ग महिला को बताया कि वह अपने नियोक्ता के घर से एक बंडल लेकर आई है।

**रुपये दिलाने के बहाने करते ठगी:** पुलिस ने बताया कि बाद में, एक व्यक्ति शिकायतकर्ता के पास आया और नोटों के बंडल के बदले में उसके आभूषण ले लिए, जो बाद में नकली पाए गए।

भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। एक जांच शुरू की गई और जालसाज कपल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि वे पैसे दिलाने के बहाने बुजुर्ग व्यक्तियों को ठगते थे।

## एक स्टेशन को छोड़ मेट्रो के सभी स्टेशनों के गेट खुले रहेंगे

### सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को छोड़कर बाकी कोई स्टेशन नहीं रहेंगे बंद: दिल्ली पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी-20** शिखर सम्मेलन के दौरान दिल्ली मेट्रो के स्टेशन बंद रखने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन उसे अब दिल्ली पुलिस द्वारा वापस ले लिया गया है। यानी कि सिर्फ सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के ही गेट बंद रहेंगे और बाकी मेट्रो स्टेशनों के दरवाजे यात्रियों के लिए खुले रहेंगे। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को डीएमआरसी को पत्र लिखकर 39 मेट्रो स्टेशनों के दरवाजे बंद रखने के लिए अनुरोध किया गया था। ताकि जी-20 सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**इन मेट्रो स्टेशनों से गुजरेगा वीवीआईपी का काफिला:** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) को पत्र लिखकर 39 मेट्रो स्टेशनों के दरवाजे बंद रखने के लिए अनुरोध किया गया था। ताकि जी-20 सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिन स्टेशनों को बंद रखने की मांग की गई थी। वो ऐसे स्टेशन थे, जहां से वीवीआईपी का काफिला गुजरेगा।

**अब क्या है दिल्ली मेट्रो के लिए नई गाडलाइन** इसके अलावा ये वो स्टेशन थे, जहां से वीवीआईपी मेहमानों के ठहरने वाले स्थान और शिखर सम्मेलन स्थल की ओर खुलने वाले मेट्रो स्टेशन के गेट थे। अब दिल्ली पुलिस के नए आदेश के अनुसार, दिल्ली मेट्रो के लिए नई गाइडलाइन यह है कि सिर्फ सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर ही यात्रियों का प्रवेश और निकासी प्रतिबंधित रहेगी। हालांकि मेट्रो यहां से गुजरती रहेगी।



**राहत**

**▶▶ डीएमआरसी को पत्र लिखकर 39 मेट्रो स्टेशनों के दरवाजे बंद रखने के लिए अनुरोध किया गया था**

## सनातन धर्म को लेकर उदयनिधि के बयान से भाजपा में रोष



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सनातन** धर्म को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र व राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के अमर्यादित बयान पर लोगों में रोष है। भाजपा इसके विरोध में सड़क पर उतर रही है। पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में तमिलनाडु भवन के बाहर प्रदर्शन करेंगे।

**भाजपा ने सीएम केजरीवाल से की ये मांग :** भाजपा ने इस मामले में आइएनडीआइए गठबंधन से अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। प्रदेश भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी इस मामले में अपनी पार्टी की स्थिति सामने रखने की मांग की है। सचदेवा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी के नेता सनातन धर्म को लेकर चिंता जता रहे हैं।

वह भाजपा पर तथ्यहीन आरोप लगाकर राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं। स्टालिन के बयान पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी के नेता चुप हैं। उन्होंने कहा कि डीएमके नेताओं के साथ मंच साझा करने वाले आइएनडीआइए के नेताओं को सनातन धर्म विरोधी माना जाएगा।

**तमिलनाडु भवन जाकर रेजिडेंट कमिश्नर को देंगे विरोध पत्र:** उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल तमिलनाडु भवन जाकर रेजिडेंट कमिश्नर को विरोध पत्र सौंपेगा। इसके साथ ही दिल्ली भाजपा के तमिलनाडु प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता आरके पुरम मंदिर में प्रार्थना सभा आयोजित कर स्टालिन परिवार को सदबुद्धि प्रदान करने के लिए प्रार्थना करेंगे। उन्होंने कहा कि स्टालिन के माफी मांगने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। अन्य भाजपा नेता भी इसे लेकर स्टालिन और आइएनडीआइए का विरोध कर रहे हैं।

**विरोध**

**▶▶ भाजपा इसके विरोध में सड़क पर उतरेगी, तमिलनाडु भवन के बाहर प्रदर्शन करेगी**

## जी20: ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस पर रोक

### दवाओं के ऑर्डर की अनुमति; दिल्ली में लोगों के आने-जाने पर नियम

**पाबंदी**

**▶▶ जी-20 सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली जिले में तीन दिनों तक ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस बंद रहेगी**


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में नौ और 10 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित होगा। इसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जी-20 सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली जिले में तीन दिनों तक ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस बंद रहेगी। सिर्फ दवाओं को ऑनलाइन मंगाया जा सकेगा।

**आवश्यक सेवाओं की अनुमति:** सोमवार को स्पेशल पुलिस कमिश्नर (ट्रैफिक) ने कहा कि 25 अगस्त को पुलिस द्वारा जारी ट्रैफिक एडवाइजरी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान सिर्फ आवश्यक सेवाएं, जैसे डाक और मेडिकल सर्विसेस और पैथ लैब द्वारा सैंपल कलेक्शन की अनुमति पूरी दिल्ली में रहेगी।

**दवाओं के ऑर्डर पर छूट:** पुलिस के अनुसार, इस दौरान ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, दवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी पर कोई पाबंदी नहीं है। आवश्यक सेवाओं के लिए दी गई वैध अनुमतियों को जारी रखा जाएगा। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को छोड़कर मेट्रो सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी।

**लोगों के आने-जाने पर ये नियम:** साथ ही नई दिल्ली जिले में होटल बुकिंग वाले और हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले लोगों को बोर्डिंग पास और बुकिंग दस्तावेजों के साथ प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।




## जानलेवा मांझे से बाईक सवार शिक्षक का गाल कटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली में** जानलेवा मांझे का कहर रूकने का नाम नहीं ले रहा है। सीलमपुर इलाके में उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी कार्यालय के पास मोटरसाइकिल सवार शिक्षक का जानलेवा मांझे की चपेट में आकर गाल कट गया।

**लोक नायक अस्पताल में चल रहा है इलाज:** हादसे के वक्त शिक्षक ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। गंभीर हालत में प्रमानंद मोर्या का जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उन्हें लोक नायक अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल के सहयोगी शिक्षक गौरव कुमार की शिकायत पर सीलमपुर थाना पुलिस ने प्राथमिकी की है। प्रमानंद अपने परिवार के साथ वेलकम में रहते हैं। वह गौतमपुरी स्थित राजकीय सर्वोदय विद्यालय में शिक्षक हैं। वह अपने सहयोगी शिक्षक गौरव के साथ मोटरसाइकिल से स्कूल से घर जा रहे थे।

**चपेट में आया**

**▶▶ गंभीर हालत में जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उन्हें एलएनजेपी में रेफर कर दिया**

## 'जी -20 शिखर सम्मेलन के चलते दिल्ली में अघोषित लॉकडाउन'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक मुकेश शर्मा, दिल्ली नगर निगम में पूर्व सदन के नेता जितेन्द्र कुमार कोचड़ ने सम्बोधित किया। संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ ने कहा कि राजधानी में जी-20 समिट एक गौरव का विषय है और इस शानदार सम्मेलन को हमें मिलकार कामयाब बनाना चाहिए, इसके लिए कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़ी है। परंतु सरकार द्वारा जी-20 के नाम पर पूरी दिल्ली में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों को 5-11 सितम्बर तक बंद करने के आदेश ने कमरतोड़ महंगाई के चलते इन लाखों रेहड़ी पटरी वालों की अजीविका पर कड़ा प्रहार किया है। इन बाजारों में सस्ती सब्जी, फल, दलहन, कपड़े व अन्य रोजमर्रा की वस्तुऐं मिलती है इनके बंद होने पर रेहड़ी पटरी, साप्ताहिक बाजारों लगाने वाले लोगों की अजीविका प्रभावित हो रही है। नई दिल्ली क्षेत्र के अलावा पूरी दिल्ली में बाजार बंद करने का सरकार का निर्णय गलत है। यूसूफ ने कहा कि 7 सितम्बर को जन्माष्टमी का त्यौहार है, लेकिन जी-20 के चलते पूरी दिल्ली में सभी सरकारी संस्थाओं के सफाई कर्मचारी नई दिल्ली की सफाई व्यवस्था में लगे हुए है, जिसके कारण जी-20 आरक्षित क्षेत्र को छोड़कर पूरी दिल्ली में गंदगी व कूड़े के अम्बार लग गए है। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि सभी मंदिरों के नजदीक जन्माष्टमी को देखते हुए पूरी दिल्ली में भी साफ सफाई व्यवस्थित कराई जाए। उन्होंने कहा कि हम अपील करते है कि दिल्ली सरकार, उपराज्यपाल व दिल्ली नगर निगम इस पर विशेष ध्यान देकर कार्यवाही करे। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान ने कहा कि जी-20 सम्मेलन विशेषकर नई दिल्ली के एनडीएमसी क्षेत्र में हो रहा है। सरकार द्वारा पूरी दिल्ली के स्कूल बंद करने के निर्णय से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि कोविड काल के दौरान स्कूलों में ऑनलाईन पढ़ाई के द्वारा बच्चों को घर पर ही पढ़ाने की परम्परा की शुरूआत हुई थी।

**मुआवजा मिले**


**▶▶ पूरी दिल्ली के बाजारों, रेहड़ी पटरी, खोमचे, छोटी दुकान लगाने वाले लोगों की अजीविका प्रभावित हो रही**




## रक्षाबंधन पर 21 हजार रुपये नहीं मिलने पर तीन ननदों ने मिलकर भाभी को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में रक्षाबंधन के मौके पर शगुन को लेकर एक घर में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की नौबत मारपीट तक आ गई। तीन ननदों ने मिलकर अपनी भाभी की पिटाई कर दी। घटना मैदानगढ़ी इलाके की है महिला को उसकी ननदों ने इस कदर पीटा की उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आरोपी ननद 21 हजार रुपये शगुन दिए जाने की मांग कर रही थी। आरोप है कि पीड़ित महिला ने जब पुलिस को इसकी सूचना देने की कोशिश की तो अन्य महिला रिश्तेदारों ने भी उसकी पिटाई कर दी है। हालात ऐसे हो गए कि महिला को इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि मैदानगढ़ी इलाके में एक महिला रहती है और वो नर्सिंग का काम करती है। रक्षाबंधन के मौके पर उसके पति की बहनें अपने भाई को राखी बांधने घर आईं थीं। पहले राखी बांधने को लेकर बहस हुई और फिर ननदों ने 21-21 हजार रुपये शगुन अपने भाई से मांगा। इसी को लेकर महिला का अपनी ननदों से विवाद शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि शगुन नहीं मिलने पर ननदों ने अपनी भाभी की पिटाई शुरू कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद जब पीड़ित महिला पुलिस को फोन करने लगी तो घर की अन्य रिश्तेदार महिलाओं ने भी उसे पीटना शुरू कर दिया।



# प्रदेश में विभिन्न करों के संग्रह में रिकॉर्ड 20 फीसदी हुई वृद्धि दर्ज

## विभाग में कर संग्रह के कार्यों में डिजिटलाइजेशन को अपनाया जा रहा है जिससे कर राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही

**बढ़ोतरी**

**वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से अगस्त तक हरियाणा में 27,438 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रह किया**




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार के सकारात्मक प्रयासों की बदौलत आबकारी एवं कराधान विभाग निरंतर कर-संग्रह में वृद्धि कर रहा है। इस साल के प्रथम पांच महीनों में हरियाणा के कर संग्रह में उल्लेखनीय 20% की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से अगस्त तक हरियाणा में 27,438 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रह किया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार लगातार आबकारी एवं कराधान विभाग के आधारभूत ढांचे को मजबूत एवं आधुनिक करने की दिशा में काम कर रही है। विभाग में कर संग्रह के कार्यों में डिजिटलाइजेशन को अपनाया जा रहा है जिससे कर राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। विभाग द्वारा राजस्व को अधिकतम करने और लीकेज को कम करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आबकारी एवं कराधान विभाग ने इस वित्त वर्ष के प्रथम पाँच महीनों (अप्रैल-अगस्त 2023) में 27,438 करोड़ रुपये का कर संग्रहण किया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 20 फीसदी अधिक है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में राज्य ने 22,880 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाया था। आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा इस वित्त वर्ष के प्रथम पाँच महीनों में 4,686 करोड़ रुपए वैट जुटाया गया, जबकि आईजीएसटी सेटलमेंट, एसजीएसटी कंपनसेशन के साथ एसजीएसटी संग्रहण 17.062 करोड़ रुपए रहा, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 30.2 प्रतिशत अधिक है। इसी के साथ, 15.15% की वृद्धि के साथ 4792 करोड़ का आबकारी संग्रह किया गया। राज्य सरकार के इन आंकड़ों से साफ है कि हरियाणा सरकार के प्रयासों से राजस्व में वृद्धि हो रही है और यह राज्य के विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है। साथ ही, यह राज्य की आर्थिक प्रगति को भी दर्शाता है। उन्होंने आगे बताया कि राज्य ने वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 33,527.42 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह किया था। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रति व्यक्ति कुल जीएसटी संग्रह में हरियाणा चौथे स्थान पर रहा। सभी राज्यों में कुल संग्रह के मामले में, हरियाणा वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022- 23 में देश भर में छठे स्थान पर बना हुआ है। कुल जनसंख्या में केवल 2 प्रतिशत हिस्सेदारी वाला हरियाणा देश के कुल जीएसटी संग्रह में 6 प्रतिशत का योगदान देता है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि सरकार के लिए राजस्व एक महत्वपूर्ण स्रोत होता है, जिससे विभिन्न सरकारी परियोजनाओं को विकसित करने, नागरिक सेवाएं प्रदान करने और देश-प्रदेश के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक धन उपलब्ध होता है। आबकारी एवं कराधान विभाग का प्रयास है कि राज्य बजट में विभाग के लिए निर्धारित 57,931 करोड़ रुपए के लक्ष्य से अधिक राजस्व एकत्रित किया जाए जिससे प्रदेश में विकासात्मक कार्यों के लिए धन की कोई कमी ना रहे।

# मतदाता सूचियों में शुद्धिकरण हेतु घर-घर जाकर किया जा रहा है सर्वे का कार्य: नसीब



**सेर्व**

**अधिकारी के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचियों में शुद्धिकरण हेतू सर्वे का कार्य किया जाएगा**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उपमंडल अधिकारी नसीब कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार 1 जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानकर हरियाणा राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 11-लाडवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर नियुक्त सभी मतदान केंद स्तर के अधिकारी के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचियों में शुद्धिकरण हेतू सर्वे का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए सभी बीएलओ और सुपरवाईजर को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। एसडीएम नसीब कुमार सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में मतदाता सूचियों में शुद्धिकरण हेतु विधानसभा क्षेत्र लाडवा के बीएलओ व सुपरवाईजर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों में शुद्धिकरण सर्वे कार्य के दौरान बीएलओ द्वारा मदताता सूचियों में दर्ज मतदाताओं के विवरण की जांच की जाएगी, जिसमें उनकी जन्म तिथि, नाम, पता, फोन आदि की अशुद्धि है तो इसमें बीएलओ द्वारा बीएलओ एप के माध्यम से शुद्धि हेतू कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। इसके साथ-साथ यदि किसी मतदाता की मृत्यु हो गई है, वह अपना मकान छोडकर चला गया है इत्यादि बारे बीएलओ द्वारा मौके पर ही मतदाता सूची से नाम हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सर्वे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि फोटोयुक्त मतदाता सूचियों को यथासंभव साफ-सुथरा व त्रुटिरहित बनाना है और नए पात्र व्यक्तियों के नाम फोटोयुक्त मतदाता सूची में दर्ज करना तथा अपात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाना है।
चुनाव तहसीलदार संदीप ने कहा कि वोट बनवाने हेतु फार्म नंबर 6, प्रवासी भारतीयों के नाम दर्ज करवाने हेतु फार्म नंबर 6क, वोट कटवाने हेतु फार्म नंबर 7, वोट के इन्द्राज में किसी प्रकार की शुद्धि व स्थानांतरण के लिए फार्म नंबर 8 शामिल है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे मतदाता सूचियों में शुद्धिकरण के कार्य में पूर्ण सहयोग करें ताकि सही मतदाता सूचियों को तैयार किया जा सके। इस बैठक में ट्रेनर सुनील कुमार मराठा द्वारा सभी बीएलओ और सुपरवाईजर को मतदाता सूचियों में शुद्धिकरण कार्य के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया।

# कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने श्रीमद् भागवत कथा का किया शुभारंभ



**मंगलकामना**

**कथा के प्रवक्ता संत श्री गोपाल स्वामी द्वारा श्री कृष्ण जी की महिमा का गुणगान किया जाएगा**

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)** गांव कलसाना में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीमद भगवत भक्ति अनुष्ठान 4 सितंबर से 11 सितंबर तक कथा का आयोजन किया जा रहा है इस कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से पूजन कर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी द्वारा किया गया। कथा के प्रवक्ता संत श्री गोपाल स्वामी द्वारा श्री कृष्ण जी की महिमा का गुणगान किया जाएगा। मुख्य अतिथि स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि गांव कलसाना में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है इस कथा का शुभारंभ कलश यात्रा पूजन कर किया गया ।गांव और आसपास के मातृशक्ति बुजुर्ग प्यारे बच्चों में काफी उत्साह है। स्वीटी रंगा ने कहा कि गांव और आसपास के सभी गांव की सुख समृद्धि और मंगल कामना के लिए इस सात दिवसीय कथा का आयोजन किया गया है। स्वीटी रंगा ने कहा कि इस प्रकार केपवित्र धार्मिक आयोजनों से भाईचारा और प्यार बढ़ता है। पवित्र कथा सुनने से मनुष्य मानसिक रूप से स्वस्थ हो जाता है अच्छे कर्म करने की ओर हमेशा तत्पर रहता है। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा के कमेटी के सभी सदस्य मातृशक्ति, प्यारे बच्चे, बुजुर्ग काफी संख्या में आसपास के भगत जन उपस्थित रहे

# खेलों के लिए प्रयास स्कूल के 14 विद्यार्थियों का चयन

**गन्नौर:** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलों में प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के 14 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।
स्कूल के 14 खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। प्राचार्य कृष्ण कुमार मलिक ने बताया कि तीरंदाजी में अक्षय राठी व वंशिका, योग की टीम में तन्नु, एथलेटिक्स की टीम में सौरव व परी, वॉलीबॉल की टीम में लव, लविश, चिराग तथा तैराकी टीम में आहाना, निकिता, कनीश, आर्यन, अमन व तुशांत ने राज्य स्तरीय खेलों के लिए अपना-अपना स्थान पक्का किया।

# 'छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण करवाना शिक्षा विभाग की सराहनीय पहल'



**महत्व**

**छात्राएं कुरुक्षेत्र पहुंचेंगी और श्री कृष्ण संग्रहालय व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के धरोहर का भी अवलोकन करेंगी**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा विधालय शिक्षा विभाग की ओर से शुरू की गई राज्यस्तरीय शैक्षिक भ्रमण योजना जिसमे अंतर्गत हरियाणा के प्रत्येक जिला से विभिन्न स्कूलों की 100 छात्राएं 2 दिन के कुरुक्षेत्र भ्रमण पर पहुंची हैं । उन सभी का सेवा ट्रस्ट यूके भारत टीम कुरुक्षेत्र द्वारा स्वागत किया गया ओर उन सभी बच्चों को लगातार सम्मानित करने का क्रम जारी है।
जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने बताया की इस योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों की 100 छात्राएं प्रतिदिन कुरुक्षेत्र पहुंचेंगी और पैनोरमा एवं विज्ञान संग्रहालय सहित श्री कृष्ण संग्रहालय व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के धरोहर हरियाणा संग्रहालय का भी अवलोकन करेंगी। आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट हरप्रीत कौर रही।उन्होने कहा की ये शिक्षा विभाग की एक बहुत ही सहरानीय पहल है इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए इन आयोजन से बच्चो को बहुत फायदा मिलेगा। उन्होने बच्चो को सम्मानित करने के लिए सेवा ट्रस्ट टीम को साधुवाद दिया।सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा कि इस तरह का शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के लिए अपनी संस्कृति को जानने के लिए बेहद लाभकारी रहेगा। इस भ्रमण से छात्राओं को बहुत कुछ नया सीखने को मिलेगा। सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा जिला फतेहाबाद से शैक्षणिक भ्रमण पर आई हुई सभी छात्राओ को अपनी को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से इम्यूनिटी बूस्टर किट जिसमे बोरनवीटा, नारियल पानी, बबूल टूथपेस्ट आदि वितरित किए गए।

# पुष्प वर्ल्ड स्कूल में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
सोमवार को पुष्प वर्ल्ड स्कूल में शिक्षक दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें स्कूली बच्चों ने मन मोहक कार्यक्रम पेश कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। स्कूल में जन्माष्टमी दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों व शिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भगवान कृष्ण का जन्म लघु नाटिका के माध्यम से जीवन वृतांत का वर्णन किया। बच्चों ने राधा कृष्ण का रूप धर कर मनोहारी दृश्य पेश किया। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन सुनील त्यागी ने कहा कि भगवान कृष्ण हमें जीवन के हर रंग में रहना सिखाया।

# दुनिया माजरा स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन



**प्रतियोगिता**

**पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)** राजकीय माध्यमिक विद्यालय, दुनिया माजरा, पिहोवा में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया।सुंदर पेंटिंग के लिए दो बच्चों नवनीत कौर कक्षा सातवीं और मुस्कान कक्षा छठी का चयन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक जसबीर सिंह सैनी, विज्ञान अध्यापक श्री हरदविंदर सिंह,संस्कृत अध्यापक श्री जसमहिंदर सिंह,सामाजिक विज्ञान अध्यापिका श्रीमती सविता सैनी, जेबीटी अध्यापक संदीप कुमार, सेवानिवृत्त मुख्य शिक्षक बलदेव सिंह, मिड डे मील वर्कर श्रीमती विमल कौर,गीता देवी व सुनील आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# महिला एवं बच्चे के स्वास्थ्य और शिक्षा विषय पर केंद्रित पोषण माह: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** डीसी डॉ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 30 सितंबर तक सही पोषण-देश रोशन के संदेश के साथ सुपोषित भारत, साक्षर भारत व सशक्त भारत थीम पर छठा राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इस बार पोषण अभियान को महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा विषय पर केंद्रित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य मानव जीवन के महत्वपूर्ण चरणों गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन और किशोरावस्था के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने बताया कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद की देखभाल करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक स्वस्थ और पौष्टिक आहार लेना हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है और यही सिद्धांत राष्ट्रीय पौष्टिकता माह आयोजित करने के पीछे है। जिला कार्यक्रम अधिकारी परमिंद्र कौर ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान केंद्र सरकार द्वारा सुपोषित भारत के परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए समय-समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं अभियानों का आयोजन किया जाता है।

# सरकार जनता को गुमराह करने में लगी हुई है : मलिक



**टीम एक्शन इंडिया/राई**
राई हल्के के गांव हलालपुर में एडवोकेट संजय आंतिल (खेवड़ा) की अध्यक्षता में कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मपाल मलिक ने शिरकत की। मलिक ने ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों को जनता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार चुनावी वर्ष में सिर्फ जनता को गुमराह करने में लगी हुई है। अब देश व प्रदेश की जनता जागरूक हो गई है। वह वहकावे में नही आएगी। सिर्फ कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो हर जरूरतमंद के साथ खड़ी रहती है और सबका विकास कर सकती है। एडवोकेट संजय अंतिल ने सम्बोधित करते हुए कहा आज हम सबको मिलकर हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने की जरूरत है। प्रदेश के उज्जवल भविष्य के लिए और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के इरादों को साकार करने के लिए आम जनता के साथ-साथ युवा शक्ति को भी आगे आने की जरूरत है तभी हम भ्रष्टाचार और महंगाई वाली सरकार को उखाड़ सकते हैं। आंतिल ने कहा पार्टी राई हल्के से जिसका भी नाम चयनित करेगी उसका पूरा सहयोग करूँगा और अगर पार्टी उन्हें टिकट देगी तो वे पार्टी की गरिमा को बनायें रखने के लिए और जनता की सेवा के प्रति सदैव पूरी निष्ठा से करेंगे। हलालपुर व आस पास के गांव के लोगों ने आंतिल का स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व प्रधान राजकमल, आजाद, मास्टर मनजीत, अमरजीत पंच, रामेश्वर सोनू, रुपेश, साहिल, डा. केपी सिंह राजपूत, वीरेन्द्र, नवीन शर्मा, शिवम पाल, बिमला देवी, मुकेश देन सीमा देवी, मास्टर बिजेन्द्र, मुकेश आदि मौजूद थे।

# सही ढंग से गिरदावरी करवाने की मांग को लेकर गरजे किसान

## 'प्रशासन को 11 सितंबर तक का समय, उसके बाद सभी गांव के लोग इक्कठा होकर करेंगे प्रदर्शन'

**विरोध**

**कुछ गांवों में गिरदावरी सही ढंग से न होने के चलते करीब एक दर्जन गांवों के किसानों ने प्रदर्शन किया**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
बीती जुलाई को आई बाढ़ की वजह से कुरुक्षेत्र जिले के हल्का थानेसर के गांव जोगनाखेड़ा, नरकातारी,गुलाबगढ़, बाहरी व अन्य आसपास के गांवों की सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो गई। जिसके बाद सरकार के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा विशेष गिरदावरी करवाई गई। लेकिन कुछ गांवों में गिरदावरी सही ढंग से न होने के चलते करीब एक दर्जन गांवों के किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के सहयोग से कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय के बाहर उपायुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। गांव जोगनाखेड़ा की अगुवाई कर रहे किसान जगबीर जोगनाखेड़ा ने जिला प्रशासन पर सही ढंग से गिरदावरी न करवाने और किसानों के साथ भेदभाव करने की बात कही। जगबीर ने कहा कि गांव जोगनाखेड़ा,नरकातारी,गुलाबगढ़,बाहरी व अन्य आसपास के गांवों में तीन तीन बार फसल खराब हुई। करीब 10 से 15 फीट पानी खेतों में खड़ा रहा,घरों को नुकसान हुआ। लेकिन जिस जगह 100 प्रतिशत नुकसान हुआ वहां प्रशासन के द्वारा शून्य 0 से लेकर 24 प्रतिशत नुकसान दिखाया गया। और जहां कम नुकसान हुआ वहां 100 प्रतिशत नुकसान दिखाकर मुआवजा दिया जा रहा है। बता दें कि करीब 3 घण्टे किसानों ने डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इसके बाद उपायुक्त से किसानों की बातचीत हुई। उपायुक्त से मुलाकात के बात पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसान जगबीर जोगनाखेड़ा ने बताया कि उपायुक्त ने आश्वासन दिया है कि जहां 0 से 24 प्रतिशत नुकसान दिखाया जा रहा है किसान उस भ्रम में न रहे। किसानों ने जो नुकसान पोर्टल पर डाल है। उसी अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों,तहसीलदार और पटवारियों को भी आदेश दिए गए है कि किसानों की सभी समस्याओं को सुने और यदि कोई खामियां है उन्हें तुरंत प्रभाव से दूर करने का काम करें।

# किड्जी और किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** किड्जी और किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल , सैक्टर 3 में शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षकों को सम्मान देते हुए आठवीं कक्षा के सुशील ,सक्षम एवम मकुल ने ज्ञान का रिश्ता सच्चा रिश्ता समूह गायन तथा अभिजोत ,रितेश , अर्पण ,मनप्रीत ने लघु नाटिका की प्रस्तुति दी जिसका शीर्षक गुरुजनों का महत्व था। वास्तव मे विद्यार्थियों के लिए यह दिन अपने शिक्षकों के प्रति प्यार अर्पित करने का दिन होता है। कक्षा नर्सरी से सीनियर के जी तक के विधार्थियों ने भी शिक्षक दिवस पर अपनी अध्यापिकाओं को ग्रीटिंग कार्ड दिए और उनका रोल प्ले भी किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ जी ने शिक्षक दिवस को मनाने का कारण बताते हुए कहा कि गुरुओं से मिला हुआ ज्ञान जल की तरह है, जो निरंतर बढ़ता ही चला जाता है, और उनके मार्ग दर्शन से ही हम सफलता के शिखर तक पहुंच सकते हैं।अंत में कक्षा सातवीं और आठवीं कक्षा के सुखपाल ,गिन्नी ,शगुन एवम अर्पण के द्वारा शिक्षकों का विशेष आभार प्रकट करते हुए थैंक यू समूह गायन की प्रस्तुति दी ।

## न्यूज फ्लैश

### आकाश बायजूस ने लांच की अपनी सबसे बड़ी बहुप्रतीक्षित परीक्षा एएनटीएचई 2023



**सोनीपत।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश बायजूस ने आज अपनी सबसे बड़ी लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित परीक्षा एएनटीएचई (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम) 2023 के 14वें संस्करण का अनावरण किया। 100% तक छात्रवृत्ति और असाधारण नकद पुरस्कारों के साथ, प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा सातवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने का मौका प्रदान करती है। एएनटीएचई 2023 का लक्ष्य सफलता के लिए एक उल्लेखनीय प्रवेश द्वार बनना है, जो युवाओं को इंजीनियरिंग या चिकित्सा में उज्ज्वल भविष्य की उनकी आकांक्षाओं के लिए उड़ान भरने के लिए प्रेरित करता है। एएनटीएचई छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता आकाश में नामांकन कर सकते हैं और एनईईटी, जेईई, राज्य सीईटी, स्कूल/बोर्ड परीक्षाओं और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी छात्रवृत्ति सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सलाह प्राप्त कर सकते हैं। एएनटीएचई 2023 में छात्रों के लिए रोमांचक उपलब्धि यह है कि 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और कैश अवार्ड के अलावा विभिन्न कक्षाओं के 100 बच्चों को नेशनल साइंस मिशन की 5 दिवसीय यात्रा जीतने का अवसर मिलेगा। जिसका सारा खर्च आकाश की ओर से वहन किया जाएगा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के सीईओ, अभिषेक माहेश्वरी ने एएनटीएचई 2023 पर कहा, "आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम इच्छाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटकर लाखों छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करने में उत्प्रेरक रहा है। "हमने 2010 में एएनटीएचई की शुरूआत के बाद से, स्थानीय सीमाओं को पार करते हुए, देश भर में योग्य छात्रों तक हमारे कोचिंग अवसरों का विस्तार करने का प्रयास किया है। छात्र एएनटीएचई की बदौलत किसी भी स्थान से एनईईटीऔर आई आई टी –, जेईई परीक्षाओं के लिए अध्ययन कर सकते हैं। हम एएनटीएचई में महत्वपूर्ण भागीदारी की उम्मीद करते हैं और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता में अटूट हैं। एएनटीएचई 2023 भारत के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में 7–15 अक्टूबर, 2023 तक होगा। 100% तक की छात्रवृत्ति के अलावा, शीर्ष स्कोरर को नकद पुरस्कार भी मिलेगा। एएनटीएचई ऑनलाइन परीक्षा के सभी दिनों के दौरान सुबह 10:00 बजे से रात 09:00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी, जबकि ऑफलाइन परीक्षा 8 और 15 अक्टूबर, 2023 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी: सुबह 10:30 बजे – सुबह 11:30 बजे और शाम 04:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक देश भर में आकाश के सभी 320+ केंद्रों पर। छात्र अपने लिए सुविधाजनक एक घंटे का स्लॉट चुन सकते हैं।

### फ्लिपकार्ट के द बिग बिलियन डेज के 10वें संस्करण की तैयारियों ने पकड़ा जोर

**गुरुग्राम।** भारत का घरेलू ई–कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट अपने सालाना फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) के 10वें संस्करण के लिए तैयारियों को गति दे रहा है। इस त्योहारी सीजन से पूर्व फ्लिपकार्ट फुलफिलमेंट सेंटर, सॉर्टेशन सेंटर और डिलीवरी हब समेत अपनी संपूर्ण सप्लाई चेन में 1,00,000 से ज्यादा नए रोजगार के अवसर सृजित करेगा। सीमित समय के इन रोजगारों में लोकल किराना डिलीवरी पार्टनर, महिलाओं, दिव्यांगों व अन्य के लिए अवसर होंगे, जिससे सप्लाई चेन में विविध प्रतिभाओं की उपस्थिति सुनिश्चित होगी। इस साल, फ्लिपकार्ट ने लास्ट–माइल डिस्ट्रीब्यूशन हब और बड़े फुलफिलमेंट सेंटर के माध्यम से अपनी सप्लाई चेन को विस्तार दिया है। इससे टियर–3 शहरों और उससे आगे दूरदराज के क्षेत्रों तक डिलीवरी सुनिश्चित होगी। इसने उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना और कई अन्य राज्यों में 19 लाख वर्ग फीट से ज्यादा स्पेस जोड़ा है। फ्लिपकार्ट ने विशेष रूप से तैयार कौशल विकास की पहल को भी अपनाया है, जिनके तहत सप्लाई चेन से जुड़ने वाले कर्मियों के लिए प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाता है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं अर्थव्यवस्था को भी गति मिलती है। सभी नियुक्त किए गए लोगों को सप्लाई चेन में उनकी भूमिका के हिसाब से ट्रेनिंग दी जाती है। उन्हें हैंड–हेल्ड डिवाइस, पीओएस मशीन, स्कैनर, विभिन्न मोबाइल एप व अन्य को चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एंड रीकॉमर्स के हेड हेमंत बद्री ने कहा, 'टीबीबीडी विस्तार करने, भारत के लिए इनोवेट करने और पूरी व्यवस्था पर प्रभाव डालने पर केंद्रित है। टीबीबीडी के दौरान सामने आने वाली जटिलता और इसके आकार को देखते हुए हमें क्षमता, स्टोरेज, प्लेसमेंट, सॉर्टिंग, पैकेजिंग, ह्यूमन रिसोर्स, ट्रेनिंग, डिलीवरी और पूरी सप्लाई चेन को विस्तार देने की जरूरत होती है।

# सनातन धर्म चिरकालीन है जो कल भी था और कल भी रहेगा: विज

## सनातन धर्म चिरकालीन है जो कल भी था और कल भी रहेगा- विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला छावनी** के सदर बाजार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने "एक राष्ट्र - एक चुनाव" को लेकर बनी कमेटी की प्रसंशा करते हुए कहा कि यदि ऐसा हो जाता है तो सरकारी खर्चा कम होगा और विकास कार्यों में गति होगी जिससे देश ज्यादा गति से तरक्की करेगा। विज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विशेष सत्र बुलाने पर

**निशाना बनाया**

**विज ने विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथों लिया और कहा कि "लगता है कि इनकी बुद्धि का दीवाला पिट गया**



विपक्ष द्वारा उठाए सवाल पर गृह मंत्री अनिल विज ने विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथों लिया और कहा कि "लगता है कि इनकी बुद्धि का दीवाला पिट गया, कोरोना काल में जब लॉकडाउन लगा था तो उस दौरान विशेष सत्र कैसे बुलाया जा सकता था"। अनिल विज ने कहा कि यह विशेष सत्र पहली बार नहीं बुलाया जा रहा है, पहले भी कई बार बुलाया गया है और विशेष सत्र बुलाना प्रजातंत्र की अच्छी परंपरा है तथा सारे मुद्दे चर्चा के बाद ही पास होते हैं। गौरतलब है कि विपक्षी नेताओं ने एक बयान में कहा था कि कोरोना काल में सरकार ने विशेष सत्र नहीं बुलाया तो अब विशेष सत्र क्यों बुलाया जा रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालीन के बेटे उधयनिधि स्टालीन द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए विवादित बयान को लेकर हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि सनातन धर्म चिरकालिक है जो आज भी है, कल भी था और कल भी रहेगा। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को भी नसीहत दी कि इंडिया के नेता भी अपना पक्ष चुन ले, वें बताए कि वो स्टालीन की विचारधारा के साथ है या सच्चाई के साथ है। वहीं, जी-20 सम्मेलन को लेकर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश में आने वाले अतिथियों को पूरी सुरक्षा दी जा रही है, उनको बहुत ही अच्छा अतिथि सत्कार दिया जाएगा।

## 'इंडी एलायंस के नेता वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हिन्दू धर्म को समाप्त करना चाहते हैं'

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म' की तुलना डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से कर दी. उदयनिधिके सनातन धर्म को लेकर दिए गए इस बयान पर अब बवाल खड़ा हो रहा है.उदयनिधि के इस बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जबरदस्त पलटवार किया.राजस्थान के डुंगरपुर में परिवर्तन संकल्प यात्रा को संबोधित करते कहा गृह मंत्री शाह ने कहा की। पिछले दो दिनों से आईएनडीआईए (इंडिया) गठबंधन 'सनातन धर्म' का अपमान कर रहा है. डीएमके और कांग्रेस के नेता सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन धर्म को खत्म करने की बात कर रहे हैं. अमित शाह ने आगे कहा, यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने हमारे सनातन धर्म का अपमान किया है.गृह मंत्री शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान की याद दिलाते हुए कहा की इससे पहले मनमोहन सिंह ने भी कहा था कि बजट पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, लेकिन हम कहते हैं कि पहला हक गरीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों का है. आज कांग्रेस पार्टी कहती है कि मोदी जी जीतेंगे तो सनातन राज करेगा. राहुल गांधी ने कहा था कि हिंदू संगठन लश्कर–ए–तैयबा से भी ज्यादा खतरनाक है। शाह ने कांग्रेस की यूपीए सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और यूपीएसरकार पर 12 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप है..साथ में मन में अहंकार है, घमंड है कि देश में राज सिर्फ गांधी परिवार कर सकता है..औरमोदी तो गरीब मां और चाय बेचने वाले का गरीब बेटा है..ये लोग सहन नहीं कर पा रहे हैं... शाह ने कहा कि दस साल तक यूपीए सरकार ने राजस्थान की जनता को क्या दिया? दस साल की सरकार में सिर्फ राजस्थान को 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये दिए, जबकि मोदी सरकार ने 9 साल में 8 लाख 71 हजार करोड़ रुपये राजस्थान को दिए।

## सैकड़ों मुस्लिम कारीगर तैयार कर रहे ठाकुर जी की पोशाक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**कान्हा की** नगरी श्री धाम वृंदावन में हिन्दू मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल कायम है। मुस्लिम कारीगर कान्हा के साथ साथ अन्य हिंदू देवी देवताओं को धारण कराई जाने वाली पोशाक एवं मुकुट श्रृंगार को पूजा मानकर तैयार करते हैं। इस बार भी जन्माष्टमी निकट है, इसलिए कन्हैया की पोशाक बनाने में मुस्लिम कारीगर जुट हुए हैं। भगवान की पोशाक और मुकुट श्रृंगार तैयार के लिए यहां दर्जनों कारखाने चल रहे हैं। जहां करीब एक हजार से अधिक मुस्लिम कारीगर दिन रात मेहनत कर काम कर रहे हैं। इन दिनों कारीगर जन्माष्टमी के लिए पोशाक एवं मुकुट श्रृंगार तैयार करने में जुटे हुए हैं। पोशाक कारीगर अल्ताफ का कहना है कि ईश्वर अल्लाह सब एक हैं। इबादत का तरीका भले ही अलग अलग हो, लेकिन हम सब एक ही भगवान के बंदे हैं। वह ठाकुर जी की पोशाक बनाने को भी पूजा मानते हैं। उन्हें गर्व है, कि देश



विदेश के मंदिरों समेत घर घर में विराजमान भगवान उनके हाथ की बनाई पोशाक धारण कर रहे हैं। कारीगर रहीश एवं सलमान ने बताया कि वह भगवान की पूजा और अल्लाह की इबादत में अंतर नहीं मानते। पूरी निष्ठा और पवित्र भावना से भगवान की पोशाक एवं मुकुट श्रृंगार तैयार करते हैं। कारीगर इरफान ने बताया कि वह अधिकांश काम शोरूम संचालकों के लिए जॉब वर्क के रूप में मजदूरी पर करते है। त्योहार के समय काम कुछ ज्यादा होता है। आजकल जन्माष्टमी की पोशाक और उनकी मैचिंग का मुकुट श्रृंगार तैयार करने पर ज्यादा जोर है।

## हजारों रुपये की नकदी ट्रांसफर करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली थाना** क्षेत्र के प्याऊ मनियारी के पास खेल देखने के लिए रुके निजी कंपनी के अधिकारी का मोबाइल लेकर भागने के बाद 41 हजार रुपये ट्रांसफर करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित जसीम निवासी बवाना जेजे कॉलोनी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित से मोबाइल बरामद कर लिया है। उसे अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपित से पूछताछ में अन्य वारदातों से पर्दा उठ सकता है। उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के सुड्ढाष नगर स्थित शांति विहार में मढ़ीनाथ मंदिर के पास रहने वाले यतेंद्र देव ने 29 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह गांव नाथूपुर में स्थित निजी कंपनी में क्वालिटी कंट्रोल ऑफिसर हैं। वह अब दिल्ली के नरेला में रामदेव चौक के पास किराए के मकान में रहते हैं।

## रणनीति: क्षेत्रवार जितनी जरूरत, उतना मिलेगा खाद

### जिन क्षेत्रों में अधिकतम धान होता है वहां डीएपी अभी नहीं भेजा जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**डीएपी की** कालाबाजारी रोकने के लिए इस बार खाद वितरण की जितनी जरूरत, उतना खाद की रणनीति को अपनाया जा रहा है। इससे उन क्षेत्रों में डीएपी के खेप रोक दी गई है जिन क्षेत्रों में डीएपी की जरूरत नहीं है, लेकिन वितरक लगातार डिमांड भेज रहे हैं। जिन क्षेत्रों में धान की फसल अधिकतम क्षेत्रफल मे खडी हुई हैं वहां से भी वितरक लगातार डिमांड भेज रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि छाता क्षेत्र और जनपद के कुछ एक अन्य क्षेत्रों में धान की फसल अधिकतम क्षेत्रफल में खड़ी हुई है। इन क्षेत्रों में अभी डीएपी खाद की किसानों को आवश्यकता नहीं है। ऐसे में इन क्षेत्रों के वितरकों को खाद की खेप भेजने का कोई लाभ नहीं है। विगत वर्षों में यह देखने में आया है कि ऐसी स्थिति में वितरकों से मिलकर किसान खाद को राजस्थान और दूसरे क्षेत्रों में बेच देते हैं। डीएपी खाद की जरूरत सरसों, आलू और गेहूं आदि फसलों की बुआई के समय होगी। बिना आवश्यकता के खाद की आपूर्ति से कालाबाजारी बढ़ती है। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि हमारे पास डीएपी का पर्याप्त स्टॉक है। 11 हजार मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक इस समय हमारे पास मौजूद है। विगत वर्षों के रिकॉर्ड के मुताबिक जनपद में रवी की फसल में औसतन 22 हजार मीट्रिक टन डीएपी की आवश्यकता होती है। जबकि जनपद में रवी की फसल का औसत बुआई का एरिया करीब 268 हजार हेक्टेयर है।

> **किसान** फसलों में आवश्यकता के अनुरूप संतुलित रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करें। जितना संभव हो जैविक खेती को प्रोत्साहन दें और खेती में जैविक खादों का अधिक से अधिक उपयोग करें। नैनो यूरिया और नौनो डीएपी का उपयोग भी तुलनात्मक जमीन की सेहत सुधारने में मददगार साबित हो सकता है।
> **अश्वनी कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी**

## वेलफेयर एसो. के चुनाव में दूसरी बार कमल सिंगल बने प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)अम्बाला शहर** के सेक्टर 10 वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए जिसमें कमल सिंगला की जीत हुई और सेक्टर 10 एसोसिएशन के लगातार दूसरी बार प्रधान बने। इस चुनाव में उनके प्रतिद्वंद्वीं योगिदंर मोहन गोयल थे जिन्हे 145 वोट मिले तो वहीं सिंगला को 250 वोट मिले है। इसके साथ ही उपप्रधान पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें आर एस विर्क व वीपी कौशिक के बीच कड़ा मुकाबला रहा। लेकिन 6 वोट अधिक मिलने पर वीपी कौशिक उपप्रधान चुने गए। वहीं उपप्रधान बलबीर सिंह



ने भी 223 वोट लेकर जीत हासिल कि है। सचिव पद के लिए देसबंधू मेहता व एसपी गोयल मैदाम में थे। लेकिन मेहता ने 215 वोट हासिल करते हुए अपनी जीत दर्ज की। संयुक्त सचिव पद के लिए गुलजार सिंह व विजय पाल बालयान मैदान में थे जिसमें गुलजार सिंह ने 227 वोट हासिल किय और जीत हासिल की वहीं विजय पाल को 168 वोट प्राप्त हुए। कैशियर पद के लिए हरिंद्र पाल व हरमिंद्र सिंह आमने सामने थे। जिसमें हरमिंद्र सिंह ने 235 वोट हासिल करते हुए हरिंद्र पाल को हराया। भूतपूर्व प्रधान रहे नीरू वढेरा पिछले कई दिनों से कमल सिंगला को भारी मतो से विजय दिलवाने के लिए लगातार सेक्टर के प्रत्येक घर गली मोहल्लों में मतदाताओं से मिल रहे थे तथा 3 सप्ताह की कड़ी मेहनत रंग लायी और कमल सिंगला को भारी मत्तो से जीत हासिल हुई। जीत के बाद सेक्टरवासियों का धन्यवाद करते हुए प्रधान कमल सिंगला ने कहा कि जो सम्मान सेक्टर वासियों ने उन्हे दिया है वे उसकी गरिमा बनाए रखेंगें और निस्वार्थ भाव से अपना कर्त्वय निभांएगें। उन्होनें कहा कि सेक्टर की वे मुख्य समस्याओं जैसे बरसाती पानी की निकासी, सिवरेज की समस्या, आवारा पशुओं की समस्या व सुरक्षा पर मुख्य तौर पर काम करेंगें और प्रशासन को इस बारे में अवगत करेंगें और जितना जल्दी हो सके इन समस्याओं का हल करेंगें। केवल कृ ष्ण गुप्ता, भाग सिंह, राजेंद्र वोहरा, विकास सिंघल, जसंवत सिंह, कुलदीप गर्ग, वी के शर्मा, राजीव भाटिया, अमरजीत सिंह, रामतीर्थ पाण्डे, मंजीत सिंह, विनीत अग्रवाल, के पी चौहान, बलबीर सिंह भटटी, संजय सासन कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त हुए है।

## सेल्स एग्जीक्यूटिव ने युवक पर लगाए जातिसूचक शब्द कहने के आरोप

**सोनीपतः बहालगढ़ थाना** क्षेत्र के गांव कुमासपुर के रहने वाले निजी कंपनी के सेल्स एग्जीक्यूटिव ने पानीपत के युवक पर उसे जातिसूचक शब्द कहने, जातिसूचक मैसेज ड्रोजकर धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि उनके पास ढाई माह में आठ बाद मैसेज ड्रोजे गए। व्हाट्सएप कॉल कर गालियां दी गई। लगातार उत्पीड़न से तंग आकर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव कुमासपुर निवासी सोनू ने बताया कि वह निजी कंपनी में सेल्स में कार्यरत है। इससे पहले एक अन्य कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव थे। उन्होंने बताया कि करीब ढाई माह पहले उनके मोबाइल पर पानीपत के गांव नूरपुर गुजरान निवासी सुनील की व्हाट्सएप कॉल आई थी। बाद में कुछ गलत मैसेज उनके पास रिकॉर्ड कर ड्रोजे गए। उन्हें जातिसूचक शब्द कहते हुए मारने की धमकी दी गई। उनका जाति को लेकर उत्पीड़न किया गया। गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपित ने उनके पास 15 जून से लेकर 29 अगस्त तक आठ बार मैसेज व धमकी ड्रारे व्हाट्सएप कॉल कर चुका है। उससे प्रताड़ित होकर उन्होंने बहालगढ़ थाना में शिकायत दी। पुलिस ने युवक के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर ही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## आकाश बायजूस के पानीपत के मिनी सचिवालय में रोपे 331 पौधे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश बायजूस ने 2023 में अपने उत्कृष्ट परिणामों का जश्न मनाते हुए पानीपत में वृक्षारोपण अभियान चलाया। संस्थान ने मिनी सचिवालय, पानीपत में 331 पौधे लगाए। गौरतलब है कि पानीपत शाखा के 331 छात्रों ने NEET , जेईई (मेन) और जेईई एडवांस 2023 के लिए अर्हता प्राप्त की है। राजेश सोनी, सिटी मेगिस्ट्रेट, वरिष्ठ शैक्षणिक सदस्यों और आकाश के अन्य अधिकारियों के साथ माननीय मुख्य अतिथि थे। वक्ताओं ने छात्रों को प्रकृति और पर्यावरण के महत्व के बारे में शिक्षित किया। स्थायी विकास का महत्व और पर्यावरण को कैसे संरक्षित किया जाए। सभी छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में बाबरपुर ट्रैफिक थाना पुलिस की टीम ने सोमवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल माच्छरौली में छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी देकर नियमों की पालना करने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सब इंस्पेक्टर कर्मबीर ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना अक्सर यातायात नियमों की अनदेखी करने से होती है और इसका कष्ट पूरे परिवार को



भोगना पड़ता है। सभी को यातायात नियमों की जानकारी होते हुए भी प्रति दिन रोड ऐक्सीडेंट के कितने हादसे घटित हो रहे है। इन हादसों का मुख्य कारण सिर्फ और सिर्फ हमारी लापरवाही है। वाहन चलाते समय थोड़ी सी लापरवाही ही हमारी जान की दुशमन बन जाती है। इसलिए वाहन चलाते समय यातायात के सभी नियमों की पालना करें। अंडर ऐज वाहन न चलाए, दो पहियां वाहन चलाते समय हमेशा हैल्मेट का प्रयोग करे, ओवर स्पीड से वाहन न चलाए, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग ना करें, रांग साईड वाहन ना चलाए, दो पहियां वाहन पर ट्रीपल राइडिंग न करें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग करे इत्यादी यातायात के सभी नियमों की पालना करें। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाना आरंभ करने से पहले आप को अपने वाहन के नियंत्रकों की अच्छी तरह जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अभिभावकों के साथ ही घर के आसपास के लोगों को भी यातायात के नियमों की पालना के लिए जागरूक करें।

## श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार हुई कान्हा की नगरी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**कान्हा की नगरी** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उल्लास छाने लगा है। दूर दराज से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया है। बढती भीड का अहसास प्रशासन और मंदिर प्रबंधनों को भी है। भीड को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन मुस्तैद है। सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ श्रीकृष्ण जन्मभूमि सभागार में आगामी त्यौहार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत की गईं यातायात



व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, दर्शन आदि व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गई। श्रद्धालुओं व जनपद वासियों को किसी प्रकार की अव्यवस्था, असुविधा का सामना न करना पड़े इसके सम्बन्ध में सुझावों का आदान प्रदान किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बांके बिहारी मंदिर, रंगनाथ मंदिर, निधिवन, राधा रमन, राधा दामोदर सहित विभिन्न मंदिरों एक सप्ताह तक भीड़ का बेदह दबाव रहने वाला है। प्रशासनिक अनुमान है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर देश विदेश के 15 से 20 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद है। रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों का पहुंचना शुरू हो गया है। जन्माष्टमी पर सुरक्षा में 4500 पुलिस पीएसी के जवान की तैनात होगी। इसके अलावा 30 आतंकवाद निरोधक दस्ता के कमांडो सुरक्षा की कमान संभालेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से छह जोन व 30 सेक्टर में बांटा जाएगा बांटा गया है। इस दौरान वाहन शहर में नहीं जा सकेंगे इसके लिए मथुरा और वृंदावन क्षेत्र में 12 से अधिक पार्किंग भी बनाई गई हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भगवान बांके बिहारी जी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रबंधन ने एडवाइजरी जारी की है। मंदिर प्रबंधन ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दर्शन, मंगला आरती का समय भी जारी कर दिया है। वहीं मंगला आरती के लाइव दर्शन को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। मंदिर प्रबंधन की ओर से अपील की गई है कि बच्चे, वृद्ध, दिव्यांग और मरीजों को साथ न लाएं। इसके अलावा मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं को बैग, कीमती सामान न लाने की अपील की है। प्रमुख त्योहार होने के कारण दर्शनार्थियों को वृंदावन में ट्रैफिक जाम एवं गलियों में भीड़ के अत्यधिक दबाव की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। अतः अनावश्यक समस्याओं से बचने हेतु भीड़ की स्थिति का आकलन करने पश्चात ही वृंदावन पधारें।

## खेलकूद से युवाओं में होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार: देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**दतौली गांव के** खेल स्टेडियम में इंटर विलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें दतौली, टेहा, घसौली, खेड़ी तगा, बेगा, रोशनपुर, चिरस्मी समेत आसपास व दूर दराज से करीब 25 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टेहा व दतौली गांव की टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मुकाबला जीतने के लिए पूरा दम लगाया। आखिकार टेहा को मेजबान दतौली टीम ने हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। इससे पहले टूर्नामेंट का



उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने फीता काटकर किया। कादियान ने टूर्नामेंट में विजेता टीम के खिलाड़ियों का इनाम देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दतौली गांव की टीम ने 16 ओवर में 165 रन बनाए। जबकि टेहा गांव की टीम 140 रन पर सिमट गई। कादियान ने कहा कि खेल कूद से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। हमें जीत हार को छोड़ कर खेल भावना का परिचय देकर मैदान में उतरना चाहिए।

## संपादकीय

# शिक्षा जगत को नयी दिशा देने वाले - डॉ. राधाकृष्णन

**भारतीय** शिक्षा जगत को नई दिशा देने वाले डॉ. राधाकृष्णन का जन्म तत्कालीन दक्षिण मद्रास में लगभग 60 किमी की दूरी पर स्थित तिरुत्तनी नामक छोटे से कस्बे में 5 सितम्बर सन 1888 ई. को सर्वपल्ली वीरास्वामी के घर पर हुआ था। उनके पिता वीरास्वामी जमींदार की कोर्ट में एक अधीनस्थ राजस्व अधिकारी थे। डॉ. राधाकृष्णन बचपन से ही कर्मनिष्ठ थे। उनकी प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा तिरुत्तनी हाईस्कूल बोर्ड व तिरुपति के हर्मेस वर्ग इवैंजेलिकल लूथरन मिशन स्कूल में हुई। उन्होंने मैट्रिक उत्तीर्ण करने के बाद वेल्लोर के बोरी कॉलेज में प्रवेश लिया जहाँ उन्हें छात्रवृत्ति भी मिली। सन 1904 में विशेष योग्यता के साथ प्रथम की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा तत्कालीन मद्रास के क्रिश्चियन कॉलेज में 1905 में बी.ए की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए उन्हें पुनः छात्रवृत्ति दी गयी।उच्च अध्ययन के लिए उन्होंने दर्शन शास्त्र को अपना विषय बनाया। इस विषय के अध्ययन से उन्हें विश्व भर में ख्याति मिली। एम. ए. की उपाधि प्राप्त करने के बाद 1909 में एक कालेज में अध्यापक नियुक्त हुए और प्रगति के पथ पर निरंतर बढ़ते चले गये। उन्होनें मैसूर तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया उनका अध्ययन जिज्ञासा पर था। उन्होनें कहा कि ग्रामीण, गरीब व अशिक्षित जो अपनी पारिवारिक परम्पराओं तथा धार्मिक क्रियाकलापों से बंधे हैं जीवन को ज्यादा अच्छे से समझते हैं। उन्होनें द एथिक्स ऑफ वेदांत विषय पर शोध ग्रंथ लिखने का निर्णय किया। जिसमें उन्होंने दार्शनिक चीजों को सरल ढंग से समझाया। उनका कहना था कि,ह्वहिदू वेदांत वर्तमान शताब्दी के लिए उपयुक्त दर्शन उपलब्ध कराने की क्षमता रखता है जिससे जीवन सार्थक व सुखमय बन सकता है । उन्होंने वर्ष 1910 में सैदायेट प्रशिक्षण कॉलेज में विद्यार्थियों को 12 व्याख्यान दिये। उन्होनें मनोविज्ञान के अनिवार्य तत्व पर पुस्तक लिखी जो कि 1912 में प्रकाशित हुई। वह विश्व को दिखाना चाहते थे कि मानवता के समक्ष सार्वभौम एकता प्राप्त करने का सर्वोत्तम साधन भारतीय धर्म दर्शन है। 1936 से तीन वर्ष तक ऑक्सफोर्ड विवि अध्यापन का कार्य किया । 1939 में उन्होनें दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों पर व्याख्यान दिया। इसी समय द्वितीय विष्वयुद्ध प्रारम्भ हो गया और वे स्वदेश लौट आए तथा उन्हें काशी विवि का उपकुलपति नियुक्त किया गया। स्वतंत्रता मिलने पर उन्हें विश्वविद्यालय आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा 1949 में सोवियत संघ में भारत के राजदूत बने। इस दौरान उन्होने लेखन भी जारी रखा। सन 1952 में डा. राधाकृष्णन भारत के उपराष्ट्रपति बने।1954 में उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया।डा.राधाकृष्णन 1962 में राष्ट्रपति बने तथा इन्ही के कार्यकाल में चीन तथा पाकिस्तान से युद्ध भी हुआ। 1965 में आपको साहित्य अकादमी की फेलोशिप से विभूषित किया गया तथा 1975 में धर्म दर्शन की प्रगति में योगदान के कारण टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। उन्होनें अनेक पुस्तकें लिखी जो उनके ज्ञान का प्रमाण हैं । उनकी पुस्तकें ह्र इंडियन फिलासफी,द हिंदू वे ऑफ लाइफ,रिलीफ एंड सोसाइटी ,द भगवद्गीता ,द प्रिंसिपल ऑफ द उपनिषद,द ब्रह्मसूत्र,फिलॉसफी ऑफ रवींद्रनाथ टैगोर सम्पूर्ण विश्व को भारत के ज्ञान का परिचय देती हैं।

# सामाजिक क्रांति के अगदूत पद्म विभूषण डॉ. बिन्देश्वर पाठक

आर. के. सिन्हा

> “मैंने कहा, आपकी परेशानी क्या है और मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूँ ? बिन्देश्वर जी ने कहा कि आप तो जान ही रहे हैं कि मैं सुलभ शौचालय संस्थान की स्थापना की है और कम खर्चे में शौचालय कैसे बनाया जा सकता है इस पर एक प्रदर्शनी लगाना चाहता हूँ। अगर उस प्रदर्शनी का उद्घाटन खान साहब कर देंगे तो उसकी प्रेस कभरेज अच्छी हो जायेगी। उससे हमारी संस्था को बड़ा लाभ और बल मिलेगा। मैंने पूछा आप खान साहब से मिले? पाठक जी ने कहा, खान साहब के लोग मिलने नहीं दे रहे हैं। खान साहब जय प्रकाश नारायण के घर को छोड़कर कहीं बाहर नहीं जाते हैं। मैंने कहा कि आप मेरे साथ चलिये, मैं आपको खान साहब से मिलवाता हूँ । फिर मैं उन्हें लेकर खान साहब से मिलने अंदर गया। चूँकि, मैं रोज वहां जाता था इसलिए सभी लोग मुझे जानते थे”

बात 1968-1969 की है। मैं उन दिनों पटना के अंग्रेजी दैनिक सर्चलाईट और हिन्दी दैनिक के प्रदीप में दिवभाषीय कार्यालय संवाददाता था। पटना के गर्दनीबाग मुहल्ले के रोड नं0 4 ए के क्वाटर नं0-15 में अपने पिताजी के साथ उनके सरकारी आवास में रहता था। प्रतिदिन सुबह 10 बजे के आसपास पिताजी द्वारा टूटी-फूटी हालत में दी गई साइकिल से कार्यालय जाता था, क्योंकि 11 बजे प्रदीप के संपादक जी की और 11.30 बजे सर्चलाईट के सम्पादक जी की एडिटोरिएल बैठक होती थी। एक दिन मैं सुबह 10 से 10.30 बजे के बीच में जल्दी -जल्दी साइकिल का पैडल मारता हुआ सर्चलाइट प्रेस की ओर चला जा रहा था। रोड नं0-1 के रेलवे फाटक के पास एक बुलंद आवाज सुनाई पड़ी। पहले इधर आइये। इधर आइये। मेरे साथ एक कप चाय पीकर जाइयेगा। मैंने पलट कर देखा तो गर्दनीबाग थाने के इंस्पेक्टर श्री पन्ना लाल मेहरा जी एक नं0 फाटक के बगल वाली इंस्पेक्टर क्वार्टर के बाहर बैठकर जाड़े की धूप का आनन्द लेते हुए अपनी पोटेर्बुल टाईपराइटर पर फटाफट कुछ टाईप किये जा रहे थे। शायद किसी केस का सुपरविजन रिपोर्ट टाईप कर रहे थे। मैंने जब अपनी साइकिल उनके क्वार्टर के गेट के अन्दर लगायी तो उन्होंने कहा कि क्या श्रीमान् जी आप इसी तरह रोज चले जाते रहिएगा। यहां रूककर एक कप चाय पीकर तो जाया करिये। उन्होंने मैं चाय भी पिलाऊंगा और आपको खबर देते रहूँगा । उन्होंने आवाज लगाई पाठक जी। अरे ओ, पाठक जी। मैंने सड़क के उस पार में देखा कि झोपड़ीनुमा चाय की दूकान से एक आदमी झांका। मेहरा जी ने कहा कि दो गिलास बढ़िया चाय भेजो। फिर हमलोग बातचीत में लग गये। तीन-चार मिनट के बाद एक नवयुवक लाल गमझा लपेटे हुए और एक बनियान पहने हुए दो गिलास चाय लेकर आया और उनके सामने टेबुल पर रख दिया। जब मैंने उनका चेहरा देखा तो लगा कि ये तो बिन्देश्वर पाठक हैं। वे उस समय वे डा0 बिन्देश्वर नहीं थे। उन्हें कोई नहीं जानता था। मैंने उन्हें इसलिए पहचान लिया था कि वे मेरे बड़े भाई के साथ पढ़ते थे और कभी-कभी मेरे क्वाटर में आते रहते थे । मैंने उनसें पूछा कि आप यहां? उन्होंने कहा कि हाँ यह होटल मेरे गावं के चाचा जी की है। कभी-कभी यहां मैं आता रहता हूँ और चाचा जी की मदद



कर देता हूँ । यहां नहाने-धोने की सुविधा होती है। फिर यहीं से तैयार होकर कालेज चला जाता हूँ। मैं यह जानकारी के रूप में बता रहा हूँ कि किसी व्यक्तित्व का कैसा परख हैं। पाठक जी दूकान पर चाचा जी की चाय बेचते थे और समोसा, बंगला निमकी और गुलाबजामुन भी वहां बहुत बढ़िया बनता था । इसी कारण से पाठक जी की दूकान पर हमलोगों का आना-जाना नियमित था। कभी-कभी मैं आज भी जब उस इलाके से गुजरता हूँ तो पाठक जी की दूकान और मेहरा जी का याददास्त सामने आ जाती है। अतः मैं अपने कुछ संस्मरण झलकियों के रूप में प्रस्तुत कर रहा हूँ इसके कूछ महीनों के बाद सीमांत गांधी के नाम से मशहूर खान अब्दुल गफ्फार खान पटना आये तो गांधी मैदान के उत्तर पूर्व कोने पर अनुग्रह नारायण सामाजिक शोध संस्थान से सटे पूर्व गांधी शांति प्रतिष्ठान में ठहरे। प्रदीप के संपादक राम सिंह भारतीय जी ने मेरी यहां डयूटी लगाई कि मैं दोपहर के सम्पादकीय बैठक के तुरंत बाद प्रतिदिन गांधी शांति प्रतिष्ठान जाया करूँ और खान अब्दुल गफ्फार खान के पास आधे-एक घंटे बैठ कर इनकी जो भी संस्मरण निकाल सकूँ या दिनभर कोई विशेष व्यक्ति उनसे मिलने आये तो उनका खान साहब से जो भी वातार्लाप हो उसका समाचार बना सकूँ । मैं यह काम प्रतिदिन करूँ । मैं गांधी प्रतिष्ठान जाने लगा और धीरे-धीरे मेरी खान साहब से टीयूनिंग भी अच्छी बन गयी। खान साहब के पास जब भी जाता और प्रणाम करता तो बैठक के बीच में ही अपनी लम्बी कमीज की जब से कुछ डाई फ्रुट्स निकालकर मेरे हाथ में रख देते। एक दिन मैं जब खान साहब से मिलने पहुंचा और अपनी साइकिल को खड़ा कर ताला लगा ही रहा था कि मुझे बिन्देश्वर पाठक जी मिल गये। मैंने पूछा क्या हाल है पाठक जी। उन्होंने कहा कि भाई मैं बड़ी परेशानी में हूँ । मैंने कहा, आपकी परेशानी क्या है और मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूँ ? बिन्देश्वर जी ने कहा कि आप तो जान ही रहे हैं कि मैं सुलभ शौचालय संस्थान की स्थापना की है और कम खर्चे में शौचालय कैसे बनाया जा सकता है इस पर एक प्रदर्शनी लगाना चाहता हूँ। अगर उस प्रदर्शनी का उद्घाटन खान साहब कर देंगे तो उसकी प्रेस कभरेज अच्छी हो जायेगी। उससे हमारी संस्था को बड़ा लाभ और बल मिलेगा। मैंने पूछा आप खान साहब से मिले? पाठक जी ने कहा, खान साहब के लोग मिलने नहीं दे रहे हैं। खान साहब जय प्रकाश नारायण के घर को छोड़कर कहीं बाहर नहीं जाते हैं। मैंने कहा कि आप मेरे साथ चलिये, मैं आपको खान साहब से मिलवाता हूँ । फिर मैं उन्हें लेकर खान साहब से मिलने अंदर गया। चूँकि, मैं रोज वहां जाता था इसलिए सभी लोग मुझे जानते थे।

औपचारिक नमस्कार के बाद जब वार्ता शुरू हुई तो मैंने कहा कि बिन्देश्वर जी अच्छे गांधीवादी कार्यकर्ता हैं। स्वच्छता के लिए काम कर रहे हैं और एक सुलभ शौचालय की स्थापना की है। स्वच्छता और सिर पर मैला ढोने की प्रथा को रोकने के लिए काम को आगे बढाने के लिए एक प्रदर्शनी लगाना चाहते हैं और इसका उद्घाटन आपसे करवाना चाहते हैं। सीमांत गांधी ने कहा कि क्या यह संभव है कि प्रदर्शनी गांधी शांति प्रतिष्ठान के अंदर में ही लग जायेगी। क्या आप रजी अहमद जी से मिले हैं? फिर उन्होंने संस्थान के सचिव रजी अहमद जी को बुलवाया और कहा कि पाठक जी एक सुलभ शौचालय की प्रदर्शनी लगवाना चाहते हैं तो इसमें आपको क्या दिक्कत है। गांधी जी तो ऐसा ही चाहते थे। वे खड़े रहे। फिर उन्होंने कहा कि यहां गंदगी नहीं फैलनी चाहिए तो कोई दिक्कत नहीं है। पाठक जी ने कहा कि यहां कोई गंदगी नहीं फैलेगी। शौचालय हम 500 से 800 रुपए में कई तरह के शौचालय बना देंगे। बात तय हो गयी और सुलभ शौचालय की पहली प्रदर्शनी गांधी शांति प्रतिष्ठान, गांधी मैदान में लगी और उसका उद्घाटन सीमांत गाँधी द्वारा हो गया। अच्छा प्रेस कभरेज हुआ। इस तरह से बिन्देश्वर जी का काम शुरू हो गया। कुछ दिनों के बाद जब बिन्देश्वर जी मिले तो उन्होंने खुशखबरी दी कि आरा नगर निगम में दो शौचालय बनाने का आर्डर मिला है। उन्होंने कहा कि लेकिन, इसमें दिक्कत यह है कि शौचालय नगर निगम द्वारा बन जाने के बाद इसका दिनप्रति दिन साफ सफाई का कार्य कैसे होगा। यह तो संस्थान को करना पड़ेगा और पैसा कहां से आयेगा? मैंने कहा कि आपको यदि यह एक मौका मिल रहा है तो उसे पकड़ लो। ऐसा करो एक दो लड़कों को पकड़ो जो नियमित सफाई करें और हर व्यक्ति जो शौचालय जाये उसको कहो कि वह आठ आना बक्से में डाल दिया करे। बक्से में पैसा रहेगा कआप महीने में आकर एक बार बक्सा खोलकर जो भी पैसा हो उसका आधा सफाई कर्मी में बांट दें और आधा संस्थान के काम में लगायें। उन्होंने कहा कि यह आइडिया अच्छा है। कुछ दिन बाद जब मिले तो मैंने पूछा कैसा चल रहा है आरा नगर निगम का काम? आठ आने वाली योजना जर्चा की नहीं। उन्होंने का कि अब तो कई जगह काम चल रहा है और यह योजना बहुत अच्छी तरह से जर्चा। अब तो इस कार्य में एक रूपया भी देने के लिए लोग तैयार हो गये हैं। अब वहां एक स्थायी कर्मचारी भी रख लिया है। मैंने कहा कि पटना नगर निगम में भी यह काम शुरू करो। वहां हमारे चाचा कृष्ण नन्दन सहाय, महापौर हैं। उन्होंने कहा कि एक दिन उनसे मिलने चलना है। मैंने कहा कि जब आप कहें चलेंगे। दिक्कत की कोई बात नहीं है। एक दिन मैंने उन्हें अपने अखबार के कार्यालय में बुलाया।

## कविता

**मेरी कोख को**

न लजाओ, न उजाडों।
गर अंश ही नाश करेगा,
तो वंश का क्या होगा।
ऐसा क्या है, जो तुम्हें,
नोंचने का मन करता है।
बचपन में वक्ष से,
खूब खेलें, दूध पिया।
दर्द हुआ फिर भी,
तुम्हें अपनी छाती से
भींचकर लगा लिया।
एक उम्र में यौवन भी
कुलांचे मारता हैं।
अस्मत के चिथड़े-2
तो नहीं करता।
नजरे इनायत होती है।
उरोजो से छल तो
कतई न किया जाता।
लाल कहाँ से सीखा
तूने, दरिंदगी और वहशियत के
ढ़ोल-नगाड़े बजाना।
मुन्ना सुनता गर
शहनाई की आवाज।
बसाता अपना घर,
जीवन संवार लेता।
न लूटता आबरू,
न लुटती कोख।
फिर लहलहाते अंश और वंश।

-संजय एम.

## शिक्षक मानवीय व्यक्तित्व निर्माता हैं

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक स्तर**पर पूरी दुनियां में नए-नए आयामों को चंद्रहान-3 और आदित्य 9-एल1 के रूप में स्थापित किए हैं जिसमें भारत की प्रतिष्ठा में चार-चांद लग गए हैं परंतु इन उपलब्धियों को हम अगर गहराई से देखें तो इन आयामों तक पहुंचने वाली शक्ति, यानें इसका श्रेय सीधे-सीधे ज्ञान कला कौशलता और शिक्षा को ही है, क्योंकि बड़े बुजुर्गों का कहना है कि कोई भी मां के पेट से सीख कर नहीं आता दुनियां में आने के बाद मनुष्य प्राथमिक ज्ञान माता-पिता गुरु और शिक्षकों से ही सीखता है फिर आगे बढ़ते हुए वह विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा ग्रहण करता है और कुछलता कला के आधार पर वैज्ञानिक डॉक्टर वकील इंजीनियर का इत्यादि बहुत क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त कर देश सेवा करता है। इसलिए इसका मूल आधार शिक्षा है जो हमें हमारे शिक्षकों अध्यापकों से मिलती है जो मानवीय व्यक्तित्व के निमार्ता हैं। चूंकि भारत में प्रति वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने की थी क्योंकि उनके चाहते छात्र उनके जन्मदिन को धूमधाम से मनाना चाहते थे तो उन्होंने उन्हें इसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का अनुग्रहकिया था, उसी दिन से इस दिन को शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। चूंकि इस दिन स्कूलों शिक्षण संस्थानों शासकीय अशासकीय स्तरपर अनेकों कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जैसे इस दिन नई दिल्ली में माननीय राष्ट्रपति द्वारा 75 चयनित आईटी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा। यूपी में स्कूलों में स्मार्टकल और आईटीसी लैब स्थापना की शुरूआत की जाएगी और इस मौके पर दोनों योजनाओं के लिए 2 लाख टैबलेट भी बांटे जाएंगे, इसलिए मेरा मानना है कि इस दिन पूरे देश को राष्ट्र हित सर्वोपरि के तर्ज पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शिक्षा रूपी अस्त्र काप्रयोग शिक्षा में हर क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को और अधिक कुछल और विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के ध्येय का संकल्प करना होगा। क्योंकि कुछ दशक पूर्व की शैक्षणिक गुणवत्ता की तुलना अभी से की जाए तो मेरा मानना है कि हमें अभी की गुणवत्ता में कमी महसूस होगी। हालांकि प्रौद्योगिकी विकास उपकरणों में हम आगे जरुर बड़े हैं, परंतु उनके पंगु बनने की ओर माहौल बढ़ रहा है। आज भी बड़े बुजुर्गों द्वारा आंकड़े का हिसाब जिस तेजी जुबानी लगाते हैं, इतनी तेजी से आधुनिक प्रोद्योगिकी से युक्त युवा नहीं लगा सकते।दूसरी और शिक्षक का मनोबल कम करने के लिए कुछ हटकर कार्य उनसे करवाए जाते हैं।शासकीय अशासकीय मैनेजमेंट द्वारा शिक्षण के अलावा अन्य कार्य बाध्यकारी रूप से उनसे करवाए जाते हैं जैसे जनगणना, चुनाव अपडेट, शासकीय योजनाओं के तहत अनेक छोटे-मोटे कार्यों का बोझ उन पर होता है जिसे हटाना समय की मांग है।

## विचार

# देश की समृद्धि के लिए शिक्षक को बचाएं

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**शिक्षक** दिवस पर ढेर सारी बातें होंगी।शिक्षक की शान में जिसको भी मौका मिलेगा,कसीदे पढ़ेगा मगर इसे देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि वर्तमान दौर में देश का शिक्षक एक ऐसे दौर से गुजर रहा है,जहाँ वह 'गुरु जी'से 'मास्टर' बना दिया गया और फिर 'टीचर' बना दिया गया।और अब तो 'मल्टीपर्पज वर्कर' बना दिया गया है।गुरु जी के पास पढ़ाई के अलावा सारे काम हैं बस पढ़ाई का ही काम नहीं है।हैरत है कि गुरु जी,शिक्षा आचार्य से होता हुआ 'शिक्षा मित्र' बना,'शिक्षा सहायक' बना और फिर 'गेस्ट टीचर' बना,कंपनी का कम्प्यूटर टीचर बना,कंपनी का लैब सहायक बना,एन एस क्यू एफ का पारंगत बना और अब कौशल रोजगार निगम के तहत 'एच के आर एन वाला टीचर' हो गया है।बकौल प्रदेश के मुखिया एक टीचर को कई-कई विषय पढ़ाने पड़ेंगे।स्कूल मर्ज किए जा रहे हैं।सात सालों तक टीचरों को जिले अलॉट नहीं हो पाए,स्टेशन कैसे अलॉट होंगे? प्रमोशन के बाद सैंकड़ों शिक्षकों को अस्थाई स्टेशन अलॉट करके विभाग भूल जाता है कि उन्हें स्थाई स्टेशन भी देने हैं या नहीं मगर यह नहीं भूलता कि टैब पर इ-अधिगम शिक्षक बने हैं या नहीं!हैरत है कि एक शिक्षक से सारे काम करवाये जाते हैं जैसे कि वोट बनाना,वोट काटना,सर्वे करना,पोलियो पिलाना,पराली की रुखाली करना,जल बचाना,नशा मुक्ति करवाना,पीपीपी बनाना,गरीबी रेखा का सर्वे,बुढ़ापा पेंशन सर्वे,गोली खिलाना,योगा करवाना,स्वच्छता रैली निकलवाना,सिम बांटना,टैब लेना-देना,डाक बनाना,सेमिनार अटेंड करना,सेल्फी भेजना,अनाज मंडी में गेहूँ बिकवाना,मिड-डे-मील बनवाना,मतदान करवाना,मतगणना करना,निर्माण कार्य करवाना आदि-आदि और इसके बाद हर किसी की बात को सुनना और चुप रह जाना।ट्रांसफर के नाम पर आजकल शिक्षकों का जमकर मानसिक शोषण किया जाता है।इतना बड़ा विभाग फिर भी ट्रांसफर पोर्टल में टेक्निकल इश्यू हो जाता है मगर शिक्षक के टैब का टेक्निकल फाल्ट कोई मानने को तैयार नहीं होता। हैरत है कि आज के दौर में टीचर की कोई सुनने वाला नहीं है।

शिक्षक वर्तमान दौर में सिर्फ कड़वे आँसू पीने को विवश है। लेकिन गजब है कि शिक्षक दिवस पर हर कोई शिक्षक की प्रशंसा में ऐसे-ऐसे कसीदे गढ़ेगा कि बेचारा शिक्षक!उन्हें सुन-सुनकर परेशान हो जाएगा क्योंकि हकीकत तो कुछ बताती है।टीचरों के आंदोलन चलते रहते हैं मगर कोई पूछता तक नहीं। शिक्षा नीति बनाते वक्त शिक्षक की राय नहीं ली जाती।कोई भी नीति बनाते वक्त शिक्षकों से सलाह-मशविरा नहीं किया जाता। पाठ्यक्रम बनाते वक्त शिक्षक को भाव नहीं दिया जाता।ट्रैनिंग बारे शिक्षक से बात नहीं की जाती बस सारी बातें थोंप दी जाती हैं और शिक्षक उनको कानून के तहत सिर्फ मानता ही रहता है।बेचारा शिक्षक क्या करे? अब तस्वीर के दूसरे पक्ष की ओर चलते हैं कि जब जापान के दो नगरों पर परमाणु हमला हुआ,तब महाविनाश हुआ लेकिन जापान की सरकार ने एक ही बात कही थी कि अगर हमारा शिक्षक और शिक्षार्थी साथ दें तो हम हर चीज से उभर सकते हैं।यकीनन हुआ भी वही,जापान ने अपने शिक्षक को तवज्जो दी और आज जापान कहाँ है,यह कहने की बात नहीं है?दूसरी बात हम यह क्यों भूल जाते हैं कि शिक्षक की गोद में 'निर्माण' और 'विनाश' दोनों पलते हैं फिर भी हम उसके साथ ऐसा बर्ताव कर रहे हैं।तीसरी बात जो तमाम शिक्षाविदों ने कही है कि एक शिक्षक जो मानसिक रूप से संतुष्ट नहीं है,वह कक्षा-कक्ष में जाकर छात्रों के साथ न्याय नहीं कर सकता मगर हम फिर भी उसे परेशान कर रहे हैं।अगली बात यह कि यह सब मानते हैं कि अगर समाज को सभ्य बनाना है और राष्ट्र को विकास के पथ पर अग्रसर करना है तो सबसे पहले शिक्षक को 'गुरु'बनाना होगा,तब जाकर समाज भी सभ्य होगा और राष्ट्र भी प्रगति करेगा।वैसे यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि जबसे हमने शिक्षक को दरकिनार किया है,तभी से प्रतिकूल हालात पैदा हो रहे हैं क्योंकि गुरु तो ईश्वर से बड़ा होता है।यह हम पढ़ते हैं,जानते हैं मगर मानते नहीं और निंरतर शिक्षक को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने में लगे हैं।अब तो व्यवस्था टैब,गूगल आदि को शिक्षक का विकल्प मानने लगी है जबकि सत्य और तथ्य यह है कि शिक्षक का विकल्प केवल शिक्षक है,

दूसरा कोई नहीं हो सकता।इसे रोकना होगा अन्यथा राष्ट्र और समाज की तस्वीर भयावह होने वाली है।फिर भी शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को नमन और विशेष नमन ज्योतिबा फुले,सावित्रीबाई फुले को,जिन्होंने एक ऐसे युग में शिक्षा की मशाल जलाई,जब बेहद जरूरत थी,वरना तो तथाकथित 'ठोलेदार' तब भी थे मगर वो यह सब नहीं कर पाए।अभी समय है 'शिक्षक' को वापिस 'गुरु' की पदवी दे दीजिए ताकि बहुत कुछ सही किया जा सके।यदि शिक्षक का सम्मान नहीं तो फिर समझ लीजिए बहुत कुछ हम खो रहे हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# समाज में शिक्षकों की भूमिका

**विजय गर्ग**

**आधुनिक युग** अपने गतिशील विकास, नई प्रौद्योगिकियों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के साथ एक कारण है कि हम वैज्ञानिकों, उद्यमियों और कलाकारों जैसे नवप्रवर्तकों का इतना सम्मान और प्रशंसा करते हैं। हालाँकि, कभी-कभी हम अन्यायपूर्वक प्रगति के शांत नायकों को भूल जाते हैं। मंच के पीछे जो काम करते हैं, हमारे शिक्षक. सच्चाई बिल्कुल सरल है - शिक्षा के महत्व की तरह, समाज में शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। हरे बोर्ड के सामने शिक्षक अच्छी शिक्षा और प्रभावी शिक्षकों के बिना, विज्ञान से लेकर कला और प्रौद्योगिकी तक, सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण किसी भी प्रमुख क्षेत्र में कोई प्रगति नहीं होती है। इस लिहाज से शिक्षकों की स्थिति सबसे नाजुक है। उनके छात्र क्या बनेंगे, इस पर उनकी सीधी जिम्मेदारी और प्रभाव है। क्या वे अपनी पूरी क्षमता विकसित करेंगे और अंततः ऐसे लोगों में विकसित होंगे जिनकी हर कोई प्रशंसा करेगा, या आवश्यक ज्ञान, प्रोत्साहन या उत्तेजना के बिना विवश और बाधित हो जाएंगे। इसलिए, हमारे समाज का भाग्य काफी हद तक शिक्षकों पर निर्भर करता है, और इसीलिए हमें समाज में शिक्षकों की भूमिका के बारे में बात करने की जरूरत है। हमें अधिक प्रभावशाली शिक्षकों की आवश्यकता क्यों है? सीखना एक आजीवन गतिविधि है, और शिक्षक उस प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है, खासकर औपचारिक शिक्षा में। सीधे शब्दों में कहें तो, परिवार में शुरूआती सीखने के अनुभवों के बाद, शिक्षक माता-पिता से बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी लेते हैं। यह आज विशेष रूप से सच है, जब कई माता-पिता के पास अपने बच्चों के साथ बिताने के लिए बहुत सीमित समय होता है, क्योंकि वे 9 से 5 बजे तक काम करते हैं, इसलिए छात्रों के जीवन में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इसलिए, शिक्षक केवल ज्ञान देने के लिए नहीं हैं, बल्कि बच्चों में नैतिक सिद्धांतों और मूल्यों को स्थापित करके उन्हें शिक्षित करने के लिए भी हैं। दूसरे शब्दों में, शिक्षक पढ़ाता भी है और शिक्षा भी देता है। परिणामस्वरूप, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि एक सर्वेक्षण में 98% उत्तरदाताओं का मानना है कि एक शिक्षक एक छात्र के जीवन को बदल सकता है। शिक्षकों के पास बहुत शक्ति होती है, और परिणामस्वरूप, उनकी बड़ी ज़िम्मेदारी होती है।

# शिक्षक की मौत

**डॉ. सुरेश कुमार**

बड़ी मुश्किल से दो-तीन दिन हुए होंगे रामलाल को आदर्श अध्यापक का पुरस्कार मिले। पुरस्कार मिलने के बाद सब खुश होते हैं और यह जनाब दुखी रहने लगे। किसे पता था कि पुरस्कार उनकी जान पर बन आएगा। अब वे हमारे बीच नहीं रहे। पत्नी पछाड़ खाकर गिर गई। जैसे-तैसे उन्हें होश में लाया गया। पत्नी बार-बार पुरस्कार को कोसती। एक बार के लिए बाहर उठाकर फेकना भी चाहा, लेकिन घर के लोगों ने पुरस्कार का तिरस्कार करने से रोक दिया। इस पर पत्नी ने कहा, जब से यह मनहूस पुरस्कार आया तब से वो उखड़े-उखड़े से रहते थे। न ठीक से खाते न ठीक से सोते। रह-रहकर उठकर बैठ जाते। प्रशंसा पत्र में लिखी एक पंक्ति कि यह पुरस्कार आपके अध्यापन के लिए दिया जा रहा है उसे बार-बार दोहराते। बड़बड़ाते। झल्ला उठते। अजीब सा बर्ताव करते थे। रामलाल के शव के पास से एक पत्र मिला। लिखा थाः अनीला की अम्मा! जब से यह पुरस्कार मिला है मुझे बेचैनी सी होने लगी है। मैं कुछ भी हो सकता हूँ किंतु अध्यापक कतई नही हो सकता। जब पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चो को एक ही जगह बैठाकर पढ़ाना पड़ता है तब मैं अध्यापक नही चरवाहा लगता हूँ। जब कोई माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के बजाय दोपहर को बनी खिचड़ी की शिकायत करता है तो मुझे रसोइया होने का एहसास होता। बच्चों की कॉपी जांचने की जगह अरहर की दाल, सब्जियों की ताजगी और चावल में कंकड़ बीनने में व्यस्त हो जाता। तब मेरे भीतर का अध्यापक कब का मर जाता। खड़ियाँ लेकर बोर्ड पर सिखाने की जगह मैं जरूरी प्रोफार्मा भरने में अपनी उपलब्धि समझने लगता। पाठशाला में पाठ पढ़ाने के बजाय शौचालय की साफ-सफाई और रखरखाव करना मुझे सबसे जरूरी लगता। तब मैं सफाई कर्मचारी बन जाता। बच्चों के बनाए चित्र दुनिया को दिखाने के बजाय शौचालय के फोटो गूगल पर अपलोड करते हुए मेरे भीतर का अध्यापक घुट घुट कर मरने लगता। जाँच अधिकारी जब बच्चों की पढ़ाई के बजाय शौचालय, रसोई घर की जानकारी माँगते तब मेरे भीतर का अध्यापक शून्य हो जाता। पच्चीस साल की नौकरी में अध्यापन के सिवाय मैने सब किया है।

## न्यूज फ्लैश

### छीनाझपटी व मारपीट की घटना में संलिप्त छः आरोपियों को गिरफ्तार किया

**खरखौदा/सोनीपत-सोमपाल सैनी**

**जिले की क्राईम** युनिट वन सोनीपत की पुलिस ने छीनाझपटी व मारपीट की घटना में संलिप्त छः आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक गाँव जाटी कलां, गुरनाम वासी गांधी नगर गन्नौर, धीरज वासी गढी रोड नीयर रेलवे गेट गन्नौर, अनिल वासी दिपालपुर, पवन वासी मोहम्मदाबाद व सचिन वासी बधाना के रहने वाले है। खरखौदा एसीपी जीत सिंह बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जुलाई को नितिश पुत्र लालन यादव वासी समस्तीपुर, बिहार ने शिकायत दी थी। कि मै ट्रक पर बतौर ड्राईवर नौकरी करता हुँ दिनाँक 30 जून की रात को जब मै चावल से भरा ट्रक लेकर जाटी मोड नजदीक जी टी रोड कुंडली मे गार्ड को लेने के लिए अपनी गाडी रोकी तो उसी समय 2 से 3 व्यक्ति मेरी गाडी की खिडकी खोल कर अन्दर घुस आये। औ? मुझे लात- घुशे से मारने लगे उनमें से एक व्यक्ति ने मेरे को गर्दन दबाकर निचे गिरा दिया और गाडी समेत मुझे मारते पीटते ले गये। कुछ दुरी पर मुझे बांध कर एक सफेद रंग की कार में बैठाकर मेरा मोबाईल फोन व कागजात छीनकर मुझे किसी अंजान जगह पर छोड दिया और चावल से भरे ट्रक भी छीनकर ले गए। इस घटना का थाना कुण्डली में मुकदमा दर्ज किया गया। क्राईम युनिट वन सोनीपत की जांचकर्ता टीम मे नियुक्त एएसआई रमेश ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में संलिप्त 6 आरोपीयो में दीपक जाटी कलां, गुरनाम वासी गांधी नगर गन्नौर, धीरज वासी गढी रोड नीयर रेलवे गेट गन्नौर, अनिल वासी दिपालपुर, पवन वासी मोहम्मदाबाद व सचिन पुत्र बलबीर वासी बधाना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर सात दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# ट्रांसजेंडर्स के प्रति बनें संवेदनशीलः दर्शन सिंह

## आठ जिलों के ट्रांसजेंडर्स से जाने विचार, किसी ने हॉरिजेंटल व किसी ने वर्टिकल आरक्षण मांगा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**ट्रांसजेंडर्स के शैक्षिक** व सामाजिक स्तर को ऊंचा उठाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के मकसद आज यहां पंचायत भवन में एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन एवं पंजाब व हरियाण हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश दर्शन सिंह ने की। इसमें आठ जिलों से पहुंचे ट्रांसजेंडर्स के विचार जाने गये। बैठक का आयोजन सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण व अंत्योदय विभाग की ओर से किया गया।

बैठक के बाद आयोग के चेयरमैन ने बताया कि समाज में ट्रांसजेंडर्स काफी उपेक्षित हैं। उनके शैक्षिक व सामाजिक स्तर को ऊंचा उठाने के उद्देश्य से सरकार ने आयोग से रिपोर्ट मांगी है। आज यहां करनाल, सोनीपत, पानीपत, कुरूक्षेत्र, कैथल, यमुनानगर, रोहतक और अंबाला जिला से पहुंचे ट्रांसजेंडर्स के विचार जाने गये। बाकी जिलों से भी आयोग वीसी के जरिये ट्रांसजेंडर्स के विचार जानेगा और दो-तीन सप्ताह के भीतर सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। सरकार चाहती है कि ट्रांसजेंडर्स समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और अच्छी शिक्षा ग्रहण करें।



उन्होंने बताया कि बैठक में कुछ ट्रांसजेंडर्स से पुलिस द्वारा किये जाने वाले दुर्व्यवहार की शिकायत की। साथ ही रोजगार और शिक्षा में पूरा हक न मिलने की बात कही। कुछ ट्रांसजेंडर्स ने होरिजेंटल और कुछ ने वर्टिकल रिजर्वेशन की मांग रखी। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर्स के साथ न केवल पुलिस बल्कि अधिकारियों और नागरिकों को भी सभ्य व्यवहार करना चाहिये। ट्रांसजेंडर्स को भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। पैंशन के लिये सरकार ने पहले ही प्रावधान किया हुआ है। उन्होंने बताया कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में ट्रांसजेंडर्स की संख्या 6721 है।

आयोग के सदस्य एवं पूर्व उपकुलपति एसके गक्खड़ ने कहा कि समाज को ट्रांजेंडर्स के प्रति नजरिया बदलना होगा। देखने में आया है कि कई मौकों पर तो नागरिक ट्रांसजेंडर्स का आशीर्वाद लेने से नहीं चकूते, लेकिन बाद में उनके साथ सद्व्यवहार नहीं करते। जन्म के बाद ट्रांसजेंडर का पता लगने पर कई मां-बाप बच्चे को छोड़ देते हैं या किन्नर समाज के लोग उसे अपने साथ ले जाते हैं। दोनों की स्थितियां ठीक नहीं। ऐसे मांग-बाप पर हत्या और साथ ले जाने वाले किन्नरों पर अपहरण का मामला दर्ज होना चाहिये। ट्रांसजेंडर्स को पारिवारिक संपत्ति में पूरा हक मिलना चाहिये।

आयोग के सदस्य श्याम लाल जांगड़ा ने बताया कि आज की बैठक में उच्च शिक्षा प्राप्त ट्रांजेंडर्स ने विचार रखे। आयोग चाहता है कि ट्रांसजेंडर्स के लिये स्वर्णिम युग शुरू होना चाहिये। ट्रांसजेंडर्स से अपील की कि वे लिखित में भी सुझाव सप्ताह भीतर आयोग को ई-मेल अथवा डाल से भेजें। अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे ट्रांसजेंडर्स के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाएं और जायज कामों को न लटकाएं। ट्रांसजेंडर्स के प्रति हर व्यक्ति को संवेदनशील होना जरूरी है। बैठक में रोहतक से पहुंचे कविश कौशिक ने ट्रांसजेंटको हॉरिजेंटल आरक्षण की मांग की। एक अन्य ट्रांसजेंडर ने कहा कि समाज में किसी भी स्तर पर सुरक्षा न मिलने की बात कही। साथ ही नौकरियों और शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण तथा आयु में छूट की मांग की। कैथल से पहुंची मनीषा महंत ने उनके समाज को थर्ड जेंडर से रूप में अलग से आरक्षण मिलना चाहिये। उन्होंने कहा कि आज किन्नरों को मूलभूत सुविधाएं भी प्राप्त नहीं हैं। हर किन्नर अपराधी नहीं है। एक प्रतिशत किन्नर ही नौकरी में हैं। कई जगह खासकर पुलिस द्वारा उनके साथ जानवरों जैसा बर्ताव किया जाता है। मांग की कि पुलिस थानों में वही धाराएं किन्नरों पर अमल में लाई जानी चाहिये, जो महिलाओं पर लागू होती हैं। पैंशन के लिये मेडिकल जांच कराने को कहा जाता है।

## मजबूत उम्मीदवार को मिलेगी टिकट : उदयभान



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**कांग्रेस** प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने वन नेशन वन इलेक्शन को भाजपा का जुमला बताया। उन्होंने कहा कि न तो चुनाव आयोग के पास इतनी इवीएम हैं और न ही देश में एक साथ चुनाव संभव है। वह देर शाम घरौंडा के कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विधानसभा टिकटों के बंटवारे को लेकर दो टूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सिर्फ मजबूत व जीतने वाले उम्मीदवार को ही टिकट मिलेगी। ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। कोटा सिस्टम पहले चलता था, लेकिन अबकी बार नहीं। क्योंकि पार्टी सर्वे करेगी और सर्वे में जिसकी स्थिति मजबूत होगी, उसको पार्टी की तरफ से हरी झंडी मिल जाएगी।

इनेलो से संबंधित सवाल पर उदयभान ने कहा कि इनेलो का अस्तित्व नहीं है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि इनेलो आइएनडीआइए गठबंधन का भी हिस्सा नहीं है।

## गांव महमदपुर में गिरी मकान की छत, तीन की हालत गंभीर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**महमदपुर गांव** में बीती रात करीब 11 बजे कच्चे मकान की छत गिर गई। हादसे में नाना और उसकी 2 दोहतियां मलबे में दबने से घायल हो गई। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया है। सचिन ने बताया कि उसकी बहन पिंकी की शादी गांव रसूलपुर कलां में हुई है। रक्षा बंधन पर वह अपनी अढाई माह की बेटी रियांशी और ढाई साल की भूमि के साथ घर पर आई थी। रविवार रात को उनका पिता यशपाल अपनी दोनों दोहतियों के साथ अंदर कमरे में सोया हुआ था, जबकि पिंकी और पूरा परिवार बाहर आंगन में सो रहे थे।



इस दौरान रात करीब 11 बजे एकदम धमाके की आवाज आई। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो मकान की छत गिर चुकी थी। उसका पिता और दोनों भांजी मलबे के नीचे दबे हुए थे और चीख रहे थे।

आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को मलबे से बाहर निकाला गया। तीनों को तुरंत इलाज के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। अभी तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

सचिन ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। उनका मकान कडियों का कच्चा मकान था।

पक्के मकान के लिए सरकार द्वारा जो सहायता दी जाती है, उस लिस्ट में भी उनका नाम आया था, लेकिन अब तक पैसे नहीं आए। पीड़ित ने प्रशासन ने आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

## प्राणायाम से होता है शरीर में रक्त का शोधनः दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**फव्वारा** पार्क सेक्टर बारह में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास करवाया। उन्होंने दिन की शुरूआत योगिक क्रियाओं से करवाई और फिर तरह-तरह के आसन, सूर्य नमस्कार और सभी प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि योग कक्षा में सात दिवसीय वजन कम करो प्रतियोगिता का आरंभ सोमवार से किया गया, जिसके अंतर्गत वजन कम करने वाली योग क्रियाओं, आसानों का अभ्यास करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त भोजन संबंधित आदतों के विषय में भी बताया गया। उन्होंने कहा कि फल सब्जियों का सेवन अधिक से अधिक करें, रेशेदार सब्जियों लें और रिफाइंड, नमक, चीनी, मैदा का उपयोग कम करें।



## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**पानीपत/ कमाल हुसैन**

**हरियाणा** उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा आर्य कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामाजिक विषयों जैसे नशा मुक्ति, सफाई अभियान, प्लास्टिक मुक्त हरियाणा आदि पर पोस्टर बनाए। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर एनएसएस समंवयक व सह.समंवयक प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा को बधाई दी। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब को पढाई के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में बढ-चढ कर भाग लेना चाहिए।

## युवक के अमेरिका में लापता होने से भड़के लोग




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**जिले के** गांव कालरम के एक युवक के अमेरिका के जॉर्जिया में लापता होने पर लोग भडक गए हैं। आज रोड़ धर्मशाला में विभिन्न समाज के लोगों ने मीटिंग की और अमेरिका में रह रहे गांव के युवकों पर अभिषेक की हत्या का आरोप लगाया। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सभी समाज के लोग मुंह पर काली पट्टी बांध कर जिला सचिवालय में एसपी शशांक कुमार सावन के पास पहुंचे। एसपी ने उन्हें मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया। समाज के लोगों ने प्रशासन व सरकार को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर 3 दिन में अभिषेक का कुछ पता नहीं चला तो वह सडकों पर उतरने को मजबूर होंगे।

अखिल भारतीय रोड़ महासभा के प्रधान नसीब सिंह ने बताया कि इस मामले को लेकर 4 दिन पहले भी वह प्रशासन से मिले थे। उस समय उन्हें आश्वासन दिया गया था कि जो शिकायत हमने दी है, उसे अमेरिका एंबेसी तक पहुंचा दिया जाएगा। लेकिन आज तक उनकी वह शिकायत अमेरिका में एंबेसी तक नहीं पहुंची। अभिषेक की तलाश के लिए वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक हरविन्द्र कल्याण, जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से भी मिल चुके हैं, लेकिन कहीं से अब तक कार्रवाई नहीं की गई। एसपी से मिलने पहुंचे समाजसेवी पवन ढाकला ने बताया कि उसकी पत्नी की आरोपी अजय की पत्नी, जो इस समय अमेरिका में ही है उससे बात हुई थी। आरोपी की पत्नी ने खुद बताया कि अजय व उसके साथी अभिषेक के साथ मारपीट कर उसे गाड़ी में लेकर गए हैं। सभी आरोपियों ने मिलकर अभिषेक की हत्या कर दी है। तब से आज तक अजय का फोन भी बंद आ रहा है।

# जंगल में मिले शव की हुई शिनाख्त

## परिजनों ने बेटे की पत्नी पर लगाया हत्या का आरोप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**शहीद उधम** सिंह चौक के पास जंगल में पेड़ से लटके मिले युवक की परिजनों ने शिनाख्त कर ली है। परिजनों ने युवक की पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है। युवक ने 6 माह पहले ही विशेष समुदाय की लडकी से शादी की थी। युवक गत 21 अगस्त से घर से लापता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**जांच जारी**

**21 अगस्त से हम विक्की की तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कहीं कोई अता पता नहीं चल पाया था**

बसंत विहार निवासी 19 वर्षीय विक्की ऑटो चलाने का काम करता था। उसकी परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस आकर कपड़े और मोबाइल से शिनाख्त की। युवक के पैर में बचपन का चोट का निशान भी परिजनों ने देखा।

मृतक के पिता जलजीत सिंह ने बताया कि बेटे ने सहारनपुर की रहने वाली विशेष समुदाय की सानिया नाम की युवती से छह माह पहले करनाल के संतोषी माता मंदिर में शादी की थी। करीब 3 माह तक दोनों बसंत विहार में परिवार के साथ रह रहे थे, लेकिन बाद में सानिया ने विक्की को छोडकर यूपी के ही दूसरे लडके से शादी कर ली। वह शादी करने के बाद शिव कॉलोनी में ही रहने लगे।

जलजीत सिंह का आरोप है पत्नी ने ही विक्की की दूसरे पति के साथ मिलकर हत्या की है। हत्या के बाद उसके शव को जंगल में पेड़ पर लटका दिया। 21 अगस्त से हम विक्की की तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कहीं कोई अता पता नहीं चल पाया था।

सेक्टर 32-33 थाना के प्रभारी शैलेंद्र ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

## बड़ी सी आशाएं हमारी समस्या- हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**ब्रेक थ्रू** संस्था द्वारा सोमवार को आदर्श स्कूल में बड़ी सी आशाएं हमारी समस्या हमारे प्रयास कैंपेन के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला न्याय विविध सेवा प्राधिकरण व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान से हरियाणा के 6 जिलों के 128 गांव में चलाया जा रहा है।

आदर्श स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर मंसीमर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर बनाया जा सकता है, जब शहरी क्षेत्रों का योगदान होगा। हम कोशिश करेंगे अपनी तरफ से कि अपने स्कूल की लड़कियों का एक क्लब बनाया जाए और एक कदम बेहतरी की ओर ले जाया जा सके। नाटक में दिखाया गया कि ब्रेक थ्रू संस्था का उद्देश्य है एक दुनिया बनाना, जहां लोग महिलाओं लड़कियों को सम्मान और समानता के नजरिए से देखें और उनके साथ होने वाली हिंसा और भेदभाव को अस्वीकार्य बनाएं, किशोर किशोरियों और युवा वयस्कों की एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना जो जेंडर सनसिटीव हो। संस्था पिछले 22 वर्षों से महिलाओं और लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव और हिंसा के खिलाफ अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से छह राज्यों हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पंजाब और उड़ीसा में काम कर रही है।

# युवा राष्ट्र के विकास के आधार हैं : सुमिता सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्व** विधायक सुमिता सिंह ने कहा कि युवा राष्ट्र के विकास के आधार हैं। वे राष्ट्र के सबसे ऊर्जावान भाग हैं और इसलिए उनसे बहुत उम्मीदें हैं। सही मानसिकता और क्षमता के साथ युवा राष्ट्र के विकास में योगदान कर सकते हैं और इसे आगे बढ़ा सकते हैं। युवा ऊर्जा से भरी नदी की तरह हैं, जिसके प्रवाह को एक सही दिशा की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आज की युवा पीढ़ी कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है। उनको अपना भविष्य कांग्रेस में सुरक्षित दिख रहा है।



सुमिता सिंह जन मिलन कार्यक्रम को लेकर अपने निवास स्थान पर उपस्थित युवा साथियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंद्र सिंह हुड्डा करनाल की जनता के साथ 10 सितंबर को शाम 4 बजे जन मिलन कार्यक्रम करेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी लोगों से रूबरू होंगे। कार्यक्रम का आयोजन रेलवे रोड स्थित एसबीएस मॉडल स्कूल में किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से जन मिलन कार्यक्रम में बढ़-चढकर पहुंचने की अपील की। इस मौके पर युवाओं ने भविष्य में रोजगार संबधित व महंगी होती शिक्षा पर चिंता जाहिर क । हरियाणा में रिकॉर्ड बेरोजगारी पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश में तेजी से बढ़ रही नशाखोरी और अपराध का मूल कारण बेरोजगारी है, क्योंकि रोजगार न होने से या तो लोग नशे के जाल में फंस जाएंगे या अपराध के दलदल में गिर जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश में बेरोजगारी दर सर्वाधिक करीब 30 प्रतिशत है, जबकि दूसरी तरफ दो लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पेपर लीक, पेपर रद्द, दूसरे प्रदेशों के लोगों की नियुक्तियां, भर्ती घोटाले, खेल व खिलाडि?ों को हतोत्साहित करना, गिरता निवेश, बढ़ता अपराध, नशा और पलायन यह आज के हरियाणा की हकीकत है। सुमिता सिंह ने कहा कि 2014 तक प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश और विकास में प्रदेश नंबर वन रहा। हरियाणा को भाजपा सरकार ने बेरोजगारी, अपराध, महंगाई, नशे और विनाश में नंबर वन बना दिया है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे धैर्य रखें। प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर बेरोजगारी दूर करना पहली प्राथमिकता होगी।

# धीरपुर वार्ड में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन

## कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने की शिरकत






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** दिल्ली के धीरपुर वार्ड के केवल पार्क इलाके के प्राचीन शिव मंदिर में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद डॉ. हर्षवर्धन, जिला केशवपुरम भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, जिला केशपुरम भाजपा के प्रभारी मनोज शौकिन, नई दिल्ली जिला प्रभारी अजय शर्मा, विधानसभा प्रभारी शशि जेटली, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्विराजा, जिला कोषाध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला मंत्री मोहित त्यागी, धीरपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, आदर्श नगर मंडल के अध्यक्ष प्रदीप राणा, आजादपुर मंडल के अध्यक्ष नितिन गोयल, पूर्व निगम प्रत्याशी मंगत राम शर्मा, कार्यक्रम संयोजक वरूण त्यागी, चौधरी ओम प्रकाश, विक्रम सोमानी, कूपर सिंह दहिया, श्वेता बत्रा, वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष विपिन पिव्हाल, अंकित त्यागी के अलावा टीम भाजपा आदर्श नगर व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का कार्यक्रम के आयोजको ने स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने भाजपा द्वारा चलाये गये अभियान 'मेरी माटी मेरा देश' से लोगों को अवगत कराया और कहा कि सबसे पहले देश है, इसलिए सभी हमेशा ही देशहित में कार्य करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखे।







# सुल्तानपुरी: एसएमसी की मीटिंग में पार्षद प्रतिनिधि आरडी खान ने लिया भाग

## बच्चों को पढ़ाना अभिभावकों की भी है जिम्मेदारी: आरडी खान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुल्तान** पुरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-42 स्थित वाई ब्लॉक के नगर निगम के स्कूल में स्कूल प्रबंधन कमेटी ( एसएमसी) का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय निगम पार्षद की ओर से पार्षद प्रतिनिधि आरडी खान को आमंत्रित किया गया। इस दौरान अभिभावकों को बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी दी गई, वहीं आरडी खान ने कहा कि बच्चों को पढ़ाना जितना शिक्षको के लिए की जिम्मेदारी है, उतनी ही उनके माता-पिता की भी है। अभिभावकों को रोजाना अपने बच्चों की कापी किताबे चेक करनी चाहिए, होम वर्क देखना चाहिए तथा समय निकालकर अपने बच्चों को पढ़ाना भी चाहिए।

इस दौरान बच्चों को बताया गया कि उनको रोजाना साफ सुथरे कपड़े पहन कर स्कूल आना चाहिए और जैसे हम अपने घरों की साफ-सफाई करते हैं वैसे ही हमें स्कूलों को भी साफ रखना चाहिए, क्योंकि स्कूल के स्वच्छ वातावरण से बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# सीएम मनोहर ने की हाई पावर लैंड परचेज कमेटी की अध्यक्षता



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई हाई पावर लैंड परचेज कमेटी (एचपीएलपीसी) की बैठक में पाँच जिलों चरखी दादरी, फरीदाबाद, हिसार, जींद और सिरसा में 6 परियोजनाओं हेतु भू-मालिकों की सहमति से ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से 148 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 96 करोड़ रुपये की लागत आएगी।
मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जिला उपायुक्तों के साथ एचपीएलपीसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्तों को निर्देश दिए कि एक माह में इन जमीनों की रजिस्ट्री करवाना सुनिश्चित की जाए और भूमि खरीदने के बाद प्रस्तावित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए।
बैठक में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह भी उपस्थित रहे।
इसके अलावा, संबंधित जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रस्तावित सरकारी परियोजनाओं के लिए अपनी जमीन देने पर सहमति जताने वाले भू-मालिकों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

**जींद व रानियां में बनेंगे वॉटर वर्क्स:** बैठक में जींद में बरोदी, झांजकलां में नहर आधारित जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु 5.39 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी दी गई।
इस वॉटर वर्क्स की क्षमता 6 एलएलडी होगी। इसके अलावा, सिरसा जिले के रानियां गांव में भी वॉटर वर्क्स हेतु लगभग 35 एकड़ भूमि की खरीद को स्वीकृति दी गई। हिसार जिला में ओपी जिंदल नलवा डिस्ट्रीब्यूटरी के विस्तार हेतु 4 एकड़ भूमि की खरीद को भी मंजूरी दी गई।
बैठक में चरखी दादरी में जिला जेल के निमार्ण हेतु गांव भैरवी में लगभग 98 एकड़ जमीन की खरीद को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, फरीदाबाद में दिल्ली झ्र मथुरा रोड़ से मुजेसर तक रेलवे लाइन क्रॉसिंग पर आरयूबी के निर्माण हेतु लगभग 1 एकड़ भूमि, हिसार जिला में बास टाउन में बने वॉटर वर्क्स को अपग्रेड करने हेतु एसटीपी बनाने के लिए 5.12 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई।

# नशा मुक्ति का संदेश लिए झज्जर जिले के बेरी में उमड़ा साइकिल रैली रूपी सैलाब

## नशा मुक्ति मुहिम से जुडकर नशे से दूर रहने का संकल्प लें युवा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नशा मुक्त हरियाणा का सार्थक का संदेश लिए साइक्लोथॉन (साइकिल मैराथन) का झज्जर जिले की सीमा में प्रवेश करने पर उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ० अर्पित जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष विक्रम कादियान के साथ बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। ढाणा से 90 वर्षीय महिला भरपाई देवी ने साइक्लोथॉन को बेरी ओर रवाना किया। साइकिल मैराथन में ढाणा, बेरी, वजीरपुर, जहाजगढ़ में साइकिल रैली रूपी सैलाब उमड़ पड़ा। युवाओं, महिलाओं और छात्रों ने पूरे जोश व उत्साह के साथ साइकिल मैराथन में भाग लिया। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि साईकिल रैली का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह अनुकरणीय मुहिम चलाई है। हर किसी को इस मुहिम का हिस्सा बनते हुए हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिलावासी निश्चित रूप से अपने जिले को नशा मुक्त रखेंगे और दूसरे लोगों को भी जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अनुकरणीय शुरूआत से युवा पीढ़ी के भविष्य को संरक्षण मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि इस नेक कार्य में शामिल साइकिल वाहक विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं, जो जन-जन को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता की अलख जगाने का काम कर रहे हैं। करनाल से 1 सितंबर को शुरू हुई यह यात्रा 25 सितंबर को करनाल में ही संपन्न होगी। प्रदेशभर में साइकिल यात्रा के माध्यम से लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने का सफल प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में इसके सफल परिणाम देखने को मिलेंगे। हमें मिलजुल कर नशे को जड़ से खत्म करने का प्रयास करना चाहिए, ताकि अपने बच्चों को इसकी गिरफ्त से दूर रख सकें। पुलिस अधीक्षक डॉ० अर्पित जैन ने कहा कि हरियाणा को नशा मुक्त की बनाने की इस सार्थक पहल में सभी को भागीदार बनना चाहिए। नशा मनुष्य को शारीरिक व आर्थिक रूप से कमजोर करता है। स्वस्थ समाज व स्वस्थ देश के लिए नशावृति को रोकना बहुत जरूरी है। जिला में नशावृति को रोकने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अच्छे परिणाम भी आए हैं।

**नशा मुक्त अभियान**

**प्रदेशभर में साइकिल यात्रा के माध्यम से लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने का सफल प्रयास किया जा रहा है**

**विभिन्न स्थानों पर स्कूली छात्र हुए साईकिल रैली में शामिल:** जिला के गांव ढराणा से शुरू हुई साइक्लोथॉन (साइकिल मैराथन) रैली में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढराणा के विद्यार्थियों के अलावा गांव पलड़ा, जहाजगढ़, झज्जर, भिंडावास गांवों के स्कूलों की छात्राओं ने भाग लिया। रैली में गांव भिंडावास की छात्रा ललिता, मिन्नी जहाजगढ़, झज्जर की कोमल और पलड़ा की नीलम ने भाग लेकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। सभी छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर साइकिलिंग विधा में जिला का नाम रोशन कर रही हैं। इस रैली में ढराणा के अलावा बेरी,वजीरपुर,जहाजगढ,खातीवास में रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। नशा मुक्ति को जन आंदोलन बनाने के लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी इस साइक्लोथॉन (साइकिल मैराथन)में दिखाई दी। गांवों में महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों के साथ यात्रा का स्वागत किया।



# मच्छरमार दवाई छिड़कने का अभियान चलाया

## भारी बरसात के बाद मच्छर पैदा हो रहे हैं: राजीव जैन





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शहर में डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन और मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन की तरफ से मच्छर मार दवाई छिड़कने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है !

रविवार एवं सोमवार को इंडियन कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी, मयूर विहार, शादीपुर, शांति विहार, कैलाश कॉलोनी आदि कॉलोनियों में घर-घर जाकर फागिंग की गई। राजीव जैन ने बताया कि फॉगिन्ग में ऐसी दवाई का प्रयोग किया जा रहा है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है और धुएं का स्तर भी कम रखा जा रहा है ताकि सांस के रोगियों को किसी तरह की तकलीफ ना हो। राजीव जैन ने कहा कि भारी बरसात के बाद मच्छर एवं बैक्टीरिया पैदा हो रहे हैं जिस कारण अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया तथा टाइफाइड से पीड़ित मरीज लगातार अस्पतालों में पहुंच रहे हैं! शहर वासियों की मांग पर पिछले कई वर्षों से कविता राजीव जैन द्वारा स्वयं के प्रयासों से हर बार इस मौसम में फॉगिन्ग करवा कर राहत प्रदान की जाती रही है। राजीव जैन ने नगर निगम के अधिकारियों से भी फोन पर बात करते हुए कहा है की नगर की सफाई तथा गली मोहल्लों में खाली प्लाटों में खड़े गंदे पानी, कूड़े की सफाई आदि का विशेष ध्यान रखा जाए । इसी तरह स्वास्थ्य अधिकारियों से भी चिकित्सा सुविधाओं के बेहतर प्रबंध करने एवं बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच तुरंत करवाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सामान्य बुखार भी कहीं जानलेवा साबित ना हो जाए।

**सावधानी बरतें**

**फॉगिन्ग में ऐसी दवाई का प्रयोग किया जा रहा है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है और धुएं का स्तर भी कम रखा जा रहा है**

# अंबाला में गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द होगा पूरा- डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)डीसी** डॉ. शालीन ने अपने कार्यालय में हिन्दुस्तान पैट्रोलियम ऑयल गैस एजेन्सी प्रोजेक्ट हैड अवनीत घनारा, जिला उघोग केन्द्र, नगर निगम, वन विभाग व अन्य सम्बधिंत विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक लेते हुए घरों में पाईप लाईन के माध्यम से गैस कनेक्श्न उपलब्ध करवाने बारे समीक्षा करते हुए इस कार्य को तेजी से करने बारे निर्देश दिए।
सम्बधिंत प्रतिनिधि ने डीसी को बताया कि भारत सरकार द्वारा हिन्दुस्तान पैट्रोलियम ऑयल गैस एजेन्सी के माध्यम से घरों में पाईपलाईन के माध्यम से गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाने की योजना हैं। कुरूक्षेत्र व अम्बाला में यह एजेन्सी कार्य कर रही हैं। अम्बाला में सैक्टर 8, 9 व 10 में गैस कनेक्शन उपलब्ध करवा दिए गए हैं। इन्कोए सैक्टर.1 व प्रेम नगर के साथ.साथ अन्य कुछ क्षेत्रों में गैस कनेक्शन से सम्बधिंत नेटवर्क भी डाला जा चूका हैं। उन्होनें यह भी बताया कि इस कार्य के लिए वन विभाग व अन्य विभागों से एनओसी लेनी है। डीसी ने इस विषय के तहत लोक निर्माण विभागए एचएसआईडीसीए वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम व अन्य सम्बधी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि

# भाविप ने सांझा चूल्हा कार्यक्रम में घोषित किये कई प्रकल्प



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** **भारत** विकास परिषद् महर्षि दयानंद शाखा द्वारा डॉ पुनीत राज सेवा सदन में सांस्कृतिक पखवाड़े का आखिरी प्रकल्प सांझा चूल्हा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद, अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सचिव राकेश मक्कड़, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, महिला एवं बाल विकास संयोजिका रचना गुप्ता, पखवाड़ा संयोजक राकेश जिन्दल ने दीप प्रज्वलन कर व महिला मंडल द्वारा वन्देमातरम गीत से बैठक की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने पखवाड़े के अपने अनुभव सांझा किए । सभी सदस्य अपने घरों से खाने की भिन्न भिन्न वस्तुएं बनाकर लाए जिसे सभी ने मिल-बांट कर खाया। संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण के पांच सूत्रों पर कार्य कर रही संस्था भारत विकास परिषद् प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया के नेतृत्व में हरियाणा उत्तर प्रांत की अम्बाला शहर में कार्यरत शाखा महर्षि दयानंद शाखा अम्बाला 5 सितंबर मंगलवार को शिक्षक दिवस पर गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है । इस कार्यक्रम के संयोजक मनोज गर्ग ने बताया कि इस प्रकल्प के लिए 15 टीमों का गठन किया गया है और हर टीम प्रकल्प प्रमुख के नेतृत्व में 4-5 सदस्य स्कूल में जाएंगे व वहां गुरु वंदन छात्र अभिनंदन की परंपरा का विधिवत निर्वहन करेगी। सचिव राकेश मक्कड़ ने परिषद् के आगामी प्रकल्पों के बारे में बताया कि 6 सितंबर को श्रीकृष्ण गौधाम मंदिर में जन्माष्टमी कार्यक्रम, 17 सितंबर को संरक्षक प्रदीप गोयल की माता जी के जन्मदिवस एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन, समूहगान प्रतियोगिता, भारत को जानो प्रतियोगिता, पारिवारिक दीवाली मिलन समारोह, गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस, लोहड़ी पर्व, फरवरी में 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह व होली पर्व के बाद मार्च के आखिरी सप्ताह में प्रांतीय अधिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यक्रम**

**सभी सदस्य अपने घरों से खाने की भिन्न भिन्न वस्तुएं बनाकर लाए जिसे सभी ने मिल-बांट कर खाया**

# राजकीय महिला कॉलेज मतलौड़ा में शुरू की जाएं कैंटीन: दहिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कमाल हुसैन**
**छात्र संगठन** इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) ने आज राजकीय महिला कॉलेज मतलौडा में छात्राओं की खाने पीने की समस्याओं को देखते हुए कैंटीन शुरू करने की मांग की है इससे पहले इनसो ने काँलेज आने जाने में छात्राओं को रही परेशानीयौ को लेकर कॉलेज के लिए 11 के करीब बसे शुरू करवाई थी अब इनसो नेत्री काजल दहिया के नेतृत्व में छात्राऔ ने काँलेज प्राचार्य संदीप कंधावल के आफिस में उन्हें इस समस्या को लेकर मिल ज्ञापन सौंप कॉलेज की बंद कैंटीन को



दोबारा शुरू करने की मांग की जिस पर काँलेज प्राचार्य ने इनसो नेत्रीयों को आश्वासन दिया की छात्राओं की मांग जायज है ज्लद ही काँलेज में केंटीन शुरू की जांएगी। इनसो नेत्री काजल दहिया ने बताया की राजकीय महिला कॉलेज मतलौड़ा में करीब 1300 छात्राएं ग्रामीण क्षेत्र से कॉलेज पढने आती है लेकिन कॉलेज मै कैंटीन ना होने के कारण कॉलेज की छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कैंटीन ना होने के कारण हजारो छात्राओं को रोज खाने पीने की वस्तुओं में दिक्कतो का सामना करना पड़ता है जिससे छात्राओं को वे उपलब्ध नहीं हो पाती हैं।

# सरकार ने किसानों की मुख्य तीन मांगे मानी, महापंचायत की स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) 23 अगस्त** से अंबाला में शहर के नई अनाज मंडी में धरने पर बैठे किसानों की हरियाणा सरकार ने मुख्य तीन मांगें मान ली है। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के नेतृत्व में किसान सरकार द्वारा मांगें न मानने के बाद शहर नई अनाज मंडी में धरने पर बैठे थे।
गत दिवस हरियाणा सरकार की तरफ से एसडीएम सिटी दर्शन सिंह व डीएसपी अर्शदीप सिंह पहुंचे और उन्होंने किसानों को उनकी तीनों मांगों को पूरा करने का सरकार की तरफ से आश्वासन दिया।
इसके बाद भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह ने 5 सितंबर को होने वाली किसान इंसाफ महापंचायत को स्थगित कर दिया है।
वहीं, अंबाला सिटी की नई अनाजमंडी में 23 अगस्त से धरने पर बैठे किसान भी उठ गए है।



भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने बताया कि नौजवान किसान रविंद्र सिंह सरवारा को इंसाफ दिलाने के लिए किसान इंसाफ महापंचायत शहर के नई अनाज मंडी में 5 सितंबर को रखी गई थी।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा एडहॉक कमिटी के प्रधान महंत करमजीत व गुविन्दर धमीजा ने दिया त्यागपत्र

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा गुरुद्वारा** सिख मैनेजमेंट कमेटी में तकरार पिछले कई दिनों से गहराई है। सुलह के प्रयास अभी तक सिरे नहीं चढ़ पाए। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष करमजीत सिंह और महासचिव गुरविंदर धमीजा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को अपना इस्तीफा सौंप दिया है
हरियाणा गुरुद्वारा सिख मैनेजमेंट कमेटी में तकरार पिछले कई दिनों से गहराई है। सुलह के प्रयास अभी तक सिरे नहीं चढ़ पाए। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष करमजीत सिंह और महासचिव गुरविंदर धमीजा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। पंजोखरा साहिब में हुई घटना के बाद अकाल तख्त की शरण में पहुंच गए। पूर्व अध्यक्ष रहे बलजीत सिंह दादूवाल पर भी प्रधान करमजीत सिंह की ओर से 98 लाख रुपए की गड़बड़ी के आरोप लगाए गए थे। हालांकि दादूवाल ने महंत करमजीत के आरोपों को बेबुनियाद करार देते हुए उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है। धमीजा ने बताया कि उन्होंने ने 30 अगस्त को ही अपना त्याग पत्र दे दिया था। 14 अगस्त को हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की फाइनल कमेटी में पूर्व प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल की ओर से की गई आपत्ति के बाद यह मामला श्री अकाल तख्त साहिब तक पहुंचने पर सिख राजनीति में सुर्खियों में है। रविवार देर शाम हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष महंत करमजीत सिंह और महासचिव गुरिंदर सिंह धमीजा ने हरियाणा के गृह मंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

### टेलर वर्कर यूनियन के प्रधान बने राजकुमार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**टेलर यूनियन** अंबाला की गतदिवस हुई बैठक में चुनाव प्रक्रिया द्वारा सभी की सर्व सम्मति से यह निर्धारित किया गया कि राजकुमार को टेलर वर्कर यूनियन का प्रधान चुना गया यूनियन के मेम्बर कृष्ण लाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजकुमार जी एक कर्मठ तथा कुशल विचारों वाले व्यक्ति है और उन्हें प्रधान के पद पर नियुक्त करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। नव नियुक्त प्रधान राजकुमार ने कहा कि टेलर यूनियन के वर्करों ने जिस विश्वास से मुझे नियुक्त किया है मैं उनके विश्वास पर अवश्य ही खरा उतरूँगा और अपने यूनियन के वर्करों और सभी टेलर यूनियन के भाइयों के हक के लिए सदैव तत्पर रहूँगा। राजकुमार जी ने सभी सदस्यों का इस योग्य समझने के लिए कि धन्यवाद किया। उन्होंने सभी की सहमति से एक कार्यकारिणी नियुक्त की जिस्म राजकुमार राजा, गुरमीत सिंह जितेंद्र कुमार को उप प्रधान बनाया गया, रमेश कुमार जनरल सेक्रेटरी, रवि कुमार व पावन कुमार को जॉइंट सेक्रेटरी, विनोद कुमार को कैशियर नियुक्त किया गया। यूनियन के इंजेक्टिव मेम्बर कृष्ण लाल, राजेश कुमार, रजनीश शर्मा, ओम प्रकाश सौफत।

### आशा वर्करों ने रोष मार्च निकाल डिप्टी सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आशा वर्कर्स** ने मांगो को लेकर अग्रसेन चौंक से कपड़ा मार्किट होते हुए सिविल सर्जन कार्यलय तक अपनी मांगों को लेकर भाजपा-जजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आंदोलन में जनता से सहयोग की अपील के पर्चे बांटे गए। सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) से सम्बद्ध आशा वर्कर्स यूनियन की सचिव सर्वजीत कौर व केशियर बलजिंद्र कौर ने कहा कि आशा को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू करने। रिटायरमेंट की उम्र 65 साल व पेंशन लागू करने इत्यादि मांगो को लेकर 8 अगस्त से लगातार हड़ताल पर है। सरकार की हठधर्मिता के चलते गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं की देखरेख व टीकाकरण का कार्य प्रभावित है। परंतु सरकार सुनवाई करने की बजाए दमन से आंदोलन को दबाना चाहती है। प्रदर्शन की अध्यक्षता सीएचसी चोडमस्तपुर में स्थित सभी 6 पीएचसी बोह से बोबी, पंजोखरा से अमृतपाल कौर, नूरपुर से सीमा, नग्गल से मधु माजरी से सरिता व चौड़मस्तपुर से हरजीत कौर ने संयुक्त रूप से की। प्रदर्शनकरियो के पहुंचते ही सिविल सर्जन अपना कार्यलय छोड़कर चले गए। कार्यलय पुलिस छावनी बना हुआ था। पुलिस की नाकेबंदी के चलते वर्कर ने एक घण्टे से ज्यादा धूप में खड़े होकर ही प्रदर्शन किया। इस कारण नग्गल पीएचसी की एक वर्कर सुनीता बेहोश हो गई। परंतु स्वास्थ्य विभाग के किसी अधिकारी ने कोई मदद नही की। गुस्साई वर्कर ने डिप्टी सिविल सर्जन को जंहा अपना मांग पत्र सौंपा वंही स्वास्थ्य विभाग के रवैये की कड़े शब्दों में निंदा की। सीटू नेता सतीश सेठी व रमेश नन्हेड़ा ने कहा कि आशा वर्कर्स को 2005 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत लगाया गया था। उनको गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु और बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित लगभग 40 काम दिए गए।

# आनंद नगर में हुई लाखों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। बीती रात चोरों ने छावनी में एक बार फिर से वारदात को अंजाम दिया। छावनी के आनंद नगर की रहने वाली राधा ने बताया कि उसने अपने बेटे की शादी के लिए जेवर लेकर रखे। 1 सितंबर को सुबह दोनों मांण्बेटा काम पर चले गए थे। शाम 6 बजे वापस लौटकर देखा तो मेन गेट का ताला लगा हुआ था लेकिन दोनों कमरों के ताले टूटे हुए थे।राधा ने बताया कि बेड के अंदर रखा सारा समान बिखरा पड़ा था।

# पॉलिटेक्निक में छात्रों के लिए साप्ताहिक इंडक्शन कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) राजकीय** बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियो के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा. राजीव सपरा द्वारा किया गया। यह इंडक्शन कार्यक्रम आज से शुरू होकर एक सप्ताह तक चलेगा । इंडक्शन कार्यक्रम के पहले दिन संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा राजीव सपरा ने विद्यार्थियो को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी



दी । उन्होने विद्यार्थियो को तकनीकी शिक्षा का महत्व बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यार्थियो के लिए डिप्लोमा करने के बाद नौकरी का विकल्प तो है ही साथ मे जो विद्यार्थी उच्चशिक्षा के लिए जाना चाहते है उन्हे इसके आधार पर सीधा इंजिनियरिंग के द्वितीय वर्ष मे प्रवेश मिल सकता है। संस्थान के सभी विभागो के विभागाध्यक्षो ने भी सभी विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया । इस कार्यक्रम मे विद्यार्थियो को मिलने वाली सुविधाओ जैसे लाइब्रेरी, यातायात संबधी , छात्रवृत्ति संबधी जरूरी जानकारी उन्हे दी गई इस अवसर पर विद्यार्थियो को ट्रेनिंग व प्लेसमेंट विभाग द्वारा विद्यार्थियो प्लेसमेंट संबधी जानकारी दी गई।

# निस्वार्थ जन सेवा मंच ने सीडब्ल्यूई विजेता द ग्रेट सुल्तान को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** के गांव नाहरा में समाजसेवी संस्था नि:स्वार्थ जनसेवा मंच द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें द ग्रेट खली के शिष्य और सीडब्ल्यूई विजेता रेसलर सुलतान सिंह को सम्मानित किया गया। संस्था के प्रधान जरनैल सिंह ने बताया कि देश के लिए फक्र की बात है कि द ग्रेट खली के बाद अब सुलतान सिंह विदेशों में भारत का परचम लहरा रहा है। लुधियाना के गांव सोंगोवाल निवासी द ग्रेट सुलतान सिंह ने कई देशों में करीब 11 मैच लड़े और 8 में जीत हासिल की। हाल ही में करनाल में हुई सीडब्ल्यूई प्रतियोगिता



में सुलतान सिंह ने बेल्ट जीती। संस्था के संरक्षक पूर्ण सिंह ने बताया कि सुलतान सिंह को संस्था की तरफ से स्मृति चिन्ह और सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। वहीं, इस मौके पर गांव की पंचायत और गुरु रविदास मंदिर कमेटी की तरफ से भी रेसलर सुलतान सिंह को सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर सुलतान सिंह ने संस्था पदाधिकारियों व अन्य का आभार जताते हुए बताया कि उसका अगला ध्येय डब्ल्यूडब्लूई है, जहां अपने देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं और देश के लिए जीत हासिल करना चाहते हैं। उन्होने कहा कि समाज और देशवासियों के सहयोग से ही यह संभव है। इस अवसर पर संस्था के सचिव निर्मल कुमार, उपप्रधान निर्मल सिंह, कानूनी सलाहकार एडवोकेट सरिता जरोरा, एडवोकेट विजय लांबा, उप कैशियर हरिचंद, रोहित कुमार, भीम आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष कमल बराड़ा, शीशपाल देहरा, नंबरदार सुमेर सिंह,पूर्व पार्षद शमशेर सिंह, दलीप पेंटर, भानू नाफरे, प्रदीप कुमार, सरपंच प्रतिनिधि संजय कुमार, अक्षय कुमार,हरबंस देहरा, रूबल आजाद, पदम कुमार, जय कुमार, इश्मीत चौधरी, मंजू बाला, निकुंज, राजपाल, मीना देवी, कृष्ण कुमार, ओमपाल, बंटी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# लाल डोरे वाली जमीनों की रजिस्ट्रियां पंजीकृत करें सरकार: नागरिक मंच

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**नागरिक** मंच अंबाला छावनी के सदस्यों ने पटवार कानूनगो एसोसिएशन के पूर्व जिला प्रधान दलसिंह राणा व नगर निगम अंबाला के पूर्व पार्षद सरदार जरनैल सिंह माजरा की अध्यक्षता में एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम पर नायब तहसीलदार अंबाला छावनी को सौंपा। नागरिक मंच अंबाला ने हरियाणा सरकार से मांग की की नगर परिषद व नगर निगम में शामिल लाल डोरे गांव मैं आ रही दिक्कतों को दूर करें व इन गांव की रजिस्ट्री पंजीकृत करें ।। मंच के प्रधान व पूर्व पार्षद ओंकार नाथी ने कहा की। नगरपरिषद मे शामिल गाँवो के लालडोरे की रजिस्ट्री बंद होने मे कारण जनता को पेश आ रही समस्याओ की ओर दिलाकर मांग करते है कि साल 2010 में नगर निगम की स्थापना के समय नगर निगम अंबाला में शामिल किए गए गांव के लाल डोरे कि बंद रजिस्ट्री खोली जाए।
इन गांव में पिछले कई वर्षों से लाल डोरे की रजिस्ट्री बंद पड़ी हैं। जो कि यह गांव इस समय नगर परिषद अंबाला छावनी की सीमा में है। इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर व पूर्व सरपंच गांव बब्याल दुर्गा सिंह अत्री जी के पुत्र जतिन अत्री ने कहा था कि सरकार ने स्वामित्व योजना के तहत शहरों में शामिल गांव की रजिस्ट्रियां शुरू करने का आश्वासन दिया था ।

**ज्ञापन सौंपा**

**सरकार ने स्वामित्व योजना के तहत शहरों में शामिल गांव की रजिस्ट्रियां शुरू करने का आश्वासन दिया था**

## शिक्षा मंत्री ने शिक्षक दिवस पर किया जिले के शिक्षकों को सम्मानित

# शिक्षक बच्चों में संस्कार प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं: शिक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**धर्म का अर्थ** पूजा पद्धित नहीं बल्कि एसका अर्थ है अपने कत्रव्य का पालन करना यह बात हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुज्जर ने सोमवार को थिराना स्थिति ज्ञान मानसरोवर केंद्र में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में जिले भर के शिक्षकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सीखने के लिए सम्मान देने की जरूरत है। हमें हर कार्य अपना धर्म समझकर करना चाहिये। अन्याय को हमेशा धर्म ही नष्टद करता आया है। हमें



बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिये जो उनके विकास में सहायक हों। शिक्षक देश को दिशा देने वाला व बच्चों में संस्कार प्रदान कर मार्ग प्रशस्त करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने जिले भर के विभिन्न विषयों के शिक्षकों को सम्मानित किया।
कार्यक्रम में अध्यापकों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि सफलता पाने के लिए कठोर मेहनत की जरूरत है। शिक्षक ही वो कड़ी है जो मेहनत करवा करके बच्चों में निखार पैदा करने व उन्हे कामयाबी की बुलंदियों तक पहुंचाने का कार्य करता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षक अलग व्यक्तित्व है। उसकी समाज में अलग पहचान है। यह समाज की धुरी है। यह समाज में बदलाव रखने का मादा रखता है। भले ही कैसी भी परिस्थितियां क्यों ना हो आज भी समाज में उसका दर्ज सम्मान जनक है। शिक्षक सम्मान का हकदार हमेशा रहेगा। यह सम्मान उसे कोई नहीं छीन सकता। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले गुरुकुल में आध्यात्मिकता पर जोर देते थे। गुरुकलों में जो शिक्षा दी जाती थी उसमें विद्यार्थियों में संस्कार कुट-कुट कर भरे जाते थे। यह सच है कि स्थिति समय अनुसार जरूर बदली है लेकिन संस्कार नहीं बदलते। आज के दौर में भी शिक्षा का महत्त्व कम नहीं हुआ है। आज भले ही सफलता का मापदंड पैसे ही क्यों ना हो लेकिन मेहनत के बलबुते जो सफलता हासिल होती है उसका सवाद ही अलग है।
शिक्षा मंत्री ने कहा कि आध्यात्मिकता ही खुशी प्राप्त करने का जरीया है। वर्तमान समय में आध्यात्मिकता की जरूरत है।

# श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ











**नई दिल्ली/ एक्शन इंडिया नरेला में** श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। नंदीमल धर्मशाला मंदिर परिसर से सुबह बैंड बाजों के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो नरेला के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई कथा स्थल नई अनाज मंडी पहुंची। भव्य मंगल कलश शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं सर पर मंगल कलश धारण कर शामिल हुई। बाहरी दिल्ली के नरेला में श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से नई अनाज मंडी में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। सोमवार सुबह रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला मंदिर परिसर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर बैंड बाजो के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो मंदिर परिसर से नरेला के मुख्य मार्गो से होती हुई कथा स्थल नई अनाज मंडी पहुंची। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं सर पर मंगल कलश धारण कर शामिल हुई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारों व भजनों से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय में हो उठा। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कथा स्थल पर पहुंचने के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना कर कलश की स्थापना की गई। शाम में भागवत कथा आरंभ हुई जिसमें वृंदावन से पधारे कथावाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी जी ने भागवत महात्मय एवं मंगलाचरण से कथा की शुरूआत की। उन्होंने व्यासपीठ पर आसिन होकर कथा का व्याख्यान करते हुए कहा की भागवत कथा में जीवन का सार निहित है। आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा की भागवत कथा का जो कोई श्रवण करेगा वह ठाकुरजी को प्राप्त करने में सफल होगा तथा उसके जन्म-जन्मांतर के मोह माया के बंधन दूर हो जाएंगे। इसलिए सभी भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का रसपान करना चाहिए। उन्होंने भागवत एवं मंगलाचरण का महात्मय इतनी रोचक तरीके से सुनाया कि श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस दौरान से श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से अर्चित गर्ग, आशु जिन्दल, ऋषभ बंसल, सौरभ गर्ग, मुकुल बंसल, हिमांशु गोयल, ऋषभ गर्ग, राहुल बंसल, आदित्य गुप्ता, हिमांशु गोयल, चिराग गुप्ता, हर्ष मंगला, दीपक कौशिक, गौतम बंसल, कमल, इशांत गर्ग सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नजफगढ़ : दिल्ली राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली योगा एसोसिएशन** दिल्ली के तत्वावधान में पिछले 3 दिन से संत हरिदास कॉलेज बापरोला, नजफगढ़ में चल रही 39वीं दिल्ली राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 2023 का 4 सितंबर को समापन किया गया।

प्रतियोगिता में लगभग 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें समस्त दिल्ली के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों ने हिस्सा लिया।




**प्रतियोगिता जीतने वालें बच्चे आसाम, गोवाहाटी में करेंगे प्रतिनिधित्व:** कॉलेज के चेयरमैन एवं संस्था के महासचिव जयभगवान सिंह ने बताया कि आज जिन बच्चों ने इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है, वह सभी बच्चे अक्टूबर में गोवाहटी,आसाम में आयोजित होने वाली 48वीं राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**प्रतियोगिता में दिल्ली देहात के बच्चों ने दिखाया अपना दमः** प्रतियोगिता के सह संचालक उत्तम आर्य ने बताया कि आयु वर्ग 8-10 में दरियापुर गांव रक्षित ने स्वर्ण पदक,आयु वर्ग 10-12 में दरियापुर के विरेन दांगी ने स्वर्ण पदक, आयु वर्ग 12-14 में बवाना के देव ने स्वर्ण पदक व दरियापुर के मनमीत ने कांस्य पदक, आयु वर्ग14-16 में नांगल ठाकरान के आयुष ने कांस्य पदक और आयु वर्ग 16-18 में दरियापुर के पुष्कर ने रजत पदक जीता।

इस अवसर पर योग गुरु उत्तम आर्य को भी विशेष रुप से सम्मानित किया गया। यह सभी बच्चे महर्षि दयानंद विद्या भवन स्कूल बवाना में पढ़ाई करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख अरुण ठाकरान ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी खुशी जाहिर की।

# मुंडकाः केजरीवाल हमेशा ही रहे हैं जनता के हितैषीः अनिल लाकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा ही निस्वार्थ भाव से दिल्ली की जनता का भला ही किया हैं, उन्होने बस गरीब लोगों के हितों को ध्यान में रखकर काम किया हैं, फिर चाहे लोगों को मुफ्त राशन देने की बात हो या फिर महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा, केजरीवाल कभी पीछे नहीं हटें हैं, यह कहना हैं मुंडका विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त वार्ड नंबर-35 से पूर्व निगम पार्षद व नेता विपक्ष अनिल लाकडा का। वहीं लाकडा ने यह भी कहा हैं कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की



सरकार बनी हैं तब से भ्रष्टाचार में भी भारी गिरावट हुई हैं, वहीं दिल्ली सरकार के पूर्व में स्कूलो की भी हालत काफी जर्जर थी, लेकिन हमारी सरकार ने दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों को पुननिर्माण करवाकर हाईक्लास बनाने के काम किया हैं, जो कि अब प्राईवेट स्कूलों से भी आगे निकल गए हैं, जिससे स्कूलों के वातावरण में भी बहुत सुधार आया हैं। उल्लेखनीय हैं कि दूसरे राज्यों के मुकाबले दिल्ली वालों को काफी सस्ती और चौबीस घंटे बिजली भी दिल्ली के लोगों को भी मिल रही हैं। अनिल लाकडा ने यह भी कहा हैं कि भाजपा शासित निगम में कभी भी सैलरी समय पर नहीं मिलती थी लेकिन दिल्ली नगर निगम में आप की सरकार आते ही महीनें की पहली तारीख को ही कर्मचारियों को उनकी सैलरी दे दी गई हैं।

# आजादपुर वार्ड में पोर्टेबल कंपैक्टर का हुआ शुभारंभ








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली आजादपुर** वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा के अथक प्रयासों से जहांगीरपुरी एच ब्लॉक, शाह आलम बांध रोड़ पर कूड़े व गंदगी से निपटान हेतु पोर्टेबल कंपेक्टर जनता को समर्पित किया गया। इस उद्घाटन समारोह में भाजपा दिल्ली प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी, जिला केशवपुरम भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र गोयल मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा ने की। इस अवसर पर पूर्वांचल मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जिसके चलते आज दिल्ली की जनता परेशान हो रही है।

तो वहीं जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल ने निगम पार्षद सुमन शर्मा के कार्यों की सराहना की और कहा कि आज इस कंपैक्टर के उद्घाटन से यहां की जनता को गंदगी से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा ने स्वागत किया। निगम पार्षद सुमन शर्मा ने बताया कि कंपैक्टर के उद्घाटन के बाद यहां पर पौधारोपण भी किया गया और लोगों से अपील की गई है कि सभी घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले। इस मौके पर नई दिल्ली जिला भाजपा के प्रभारी अजय शर्मा, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, जिला उपाध्यक्ष नरेश मलिक, जिला प्रवक्ता सुभाष झा, पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह, जिला मंत्री मोहित त्यागी, मंडल अध्यक्ष आजादपुर नितिन गोयल, मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी, अंकित त्यागी, सुधीर रंजन, डॉ. निपेन्द्र, संजय ठाकुर, प्रिंस तिवारी मौजूद रहे।




# 6 को फरीदाबाद में नशे के खिलाफ आयोजित साइक्लोथॉन का होगा भव्य स्वागत: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
**डीसी विक्रम** सिंह ने कहा कि नशे के दुस्प्रभाव व उससे होने वाली हानियों के बारे जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में आयोजित साइक्लोथॉन जन जागरण साइकिल यात्रा का आगामी 6 सितंबर को जिला फरीदाबाद में भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ ही हजारों की संख्या में जिलावासी इस यात्रा से जुड़कर इस यात्रा को सफल बनाने का कार्य करेंगे। डीसी विक्रम सिंह ने आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में 6 सितंबर को जिला में आयोजित होने वाली साइक्लोथॉन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की तथा अधिकारीयों को नशे के खिलाफ इस जन जागरण साइकिल यात्रा को भव्य स्वरुप देने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा



कि साइक्लोथॉन को भव्य रूप देने तथा ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा भी लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सभी इंतजाम किए गए हैं। साइक्लोथॉन को लेकर स्कूल व कॉलेजों के बच्चों सहित जिला के युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि हरियाणा सरकार द्वारा यह पहल युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए ही शुरू की गई है। साइक्लोथॉन के दौरान जगह-जगह नशे के खिलाफ भव्य सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस साइक्लोथॉन में जिला के राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी में भाग लेंगे। इस जन जागरण साइकिल यात्रा का उद्देश्य हरियाणा को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनाने व लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। नशे की बुराई को जड़ से खत्म करना और युवाओं को स्वस्थ एवं नशा मुक्त जीवन शैली के लिए प्रोत्साहित करना है। साइक्लोथॉन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जाएगा। यह यात्रा जिला स्थित गाँव बलूदा, धौज, पाली, बल्लभगढ़ तथा गदपुरी सहित विभिन्न गाँवों से गुजरकर पलवल जिला में प्रवेश करेगी। उन्होंने जिला की स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा इस क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं का आह्वान किया कि समाज में नशे की प्रवृति से छुटकारा दिलाने और युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए हर वर्ग का सहयोग जरूरी है। इसके लिए प्रशासन की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। नशा समाज के लिए बड़ा खतरा है, इससे निपटने के लिए समाज के हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है, इसलिए नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत ओोजित की जा रही साइक्लोथॉन में हम सब मिलकर भाग लें और समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दें कि जब हमें नशे से आजादी मिलेगी तभी हम अपनी आने वाली पीढियों को वर्तमान की युवा शक्ति को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा पाएंगे। एडीसी आनंद शर्मा, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बडखल एवं सीटीएम अमित मान, एसीपी ट्राफिक विनोद कुमार, अंडर ट्रेनी एचसीएस अफसर ऋतु, जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी राकेश गौतम, बीईओ सतीश चौधरी, बीडीपीओ अजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधीश विक्रम सिंह ने 4 विदेशी नागरिकों को दिए भारतीय नागरिकता के प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने आज सोमवार को 4 विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की है। डीएम विक्रम सिंह ने बताया कि नागरिकता लेने वालों में अफगानिस्तान से 1992 में भारत आए 42 वर्षीय रवीन खत्री, पाकिस्तान से आयी 53 वर्षीय राधन बाई, 50 वर्षीय प्रेम लाल तथा 25 वर्षीय शालू शामिल हैं। जिलाधीश ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और



ईसाई को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को प्रदान किया गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्री कृत करने अथवा धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता प्रदान की गयी है। देश के गुजरात राज्य के मोरबी, राजकोट, पाटन एवं बड़ोदरा और छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग तथा बलोदा बाजार, राजस्थान प्रांत के जालौर, उदयपुर, पाली, बाड़मेर और सिरोही, हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद तथा पंजाब प्रांत के जालंधर के जिलाधीशों को भारत सरकार ने नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्लम बस्ती क्षेत्र के बच्चों के पुनर्वास लिए प्रशासन द्वारा आज सोमवार को 11वें कैम्प का समापन

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी आनंद शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आज सोमवार को बेसहारा एवं झुग्गी झोपड़ियों व स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए बल्लभगढ़ स्थित राजकीय प्राइमरी विद्यालय आदर्श नगर में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक 11वें कैम्प का आयोजन किया गया। डीसी विक्रम सिंह के आदेशानुसार और एडीसी आनन्द शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कैम्प के 11वें दिन "नव सृष्टि" संस्था के सीएसआर कार्यक्रम ह्लएक पहलह्व के तहत इस कैम्प का आयोजन जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री और जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा की अध्यक्षता में किया गया। आज सोमवार को आयोजित इस कैम्प में 101 बच्चों को निःशुल्क लाभ प्रदान किया गया।

**कैम्प का मुख्य उद्देश्यः-**
एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि इन कैम्पों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाकर उन्हें उपलब्ध कराना है। कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया जहाँ इन बच्चों का निःशुल्क जांच व उपचार किया गया। एडीसी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 05 सितंबर को राजकीय प्राइमरी स्कूल आटोपिन झुग्गी फरीदाबाद में तथा 07 सितम्बर को संजय कॉलोनी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में इन कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इन कैम्पों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी। जिला फरीदाबाद में लगभग 1637 ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए इन बच्चो को चिन्हित कर नजडीकी सरकारी स्कूलों में इनका दाखिला भी कराया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा बाल श्रम की भी जांच की जाएगी। बाल श्रम की शिकायत प्राप्त होने पर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

### डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद में छात्र छात्राओं के स्वागत में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद में वाणिज्य विभाग और बी वोक रिटेल मैनेजमेंट विभाग के द्वारा नए सत्र 2023-2024 में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं के स्वागत में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वकील श्री एन के गुप्ता जी (संस्थापक और मैनेजिंग पार्टनर, लीगल वर्ल्ड एल एल पी) एवम् उनकी धर्मपत्नी श्रीमती माला गुप्ता जी (समाज सेविका ) के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया` कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डॉ सविता भगत जी द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गयो उन्होंने अपने सम्बोधन में छात्रों से कहा कि ज्ञान में बहुत ताकत है और अभ्यास से ही व्यक्ति निपुण होता है` प्राचार्या महोदया ने अपने वक्तव्य के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुशासित होकर अध्ययन करने की सलाह दी` वाणिज्य विभाग (रत्रह्र) की कॉर्डिनेटर डॉ अर्चना सिंघल जी ने छात्रों को एक मोटिवेशनल स्टोरी सुनाई और एक दूसरे का साथ देते हुए कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने विभाग की डीन डॉ ललिता ढींगरा, अध्यक्षा श्रीमती रेखा शर्मा और अन्य सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं का परिचय छात्रों से कराया` कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्रोफेसर और कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर सोनिया नरूला और बी वाक विभाग से सहायक प्रोफेसर मिस शिखा यादव के द्वारा किया गया` कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करने के लिए मुख्य अतिथि श्री गुप्ता जी ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया` उन्होंने विद्यार्थियों को नए सत्र में मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें जीवन में सफल होने की शुभकामनाएं दी` उन्होंने छात्रों से कहा कि जुनून से सभी कार्य करो और पर्यावरण, शिक्षक और समाज से निरंतर सीखते रहो` हमारे लिए वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में अवसरों के साथ साथ चुनौतियां भी बहुत है` श्री गुप्ता जी ने "निरंतर सुधार" इन दो शब्दों को अपने जीवन में अपनाने और अमल करने की सलाह दी`इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा समाज में सुधार हेतु व्यक्तिगत पहल की महत्ता पर आधारित विषय पर एक वीडियो भी प्रस्तुत की गई इसके साथ ही साथ उन्होंने १०० विद्यार्थियों को उअ का कोर्स करने के लिए फीस स्पॉन्सर करने की घोषणा भी की।

### वंश सैनी ने जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल किया

**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा स्टेट स्कूल गेम्स फरीदाबाद में आयोजित की गई जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में नालंदा स्कूल के कक्षा ग्यारहवीं साइंस संकाय के विद्यार्थी वंश सैनी अटाली ने सिल्वर मेडल हासिल किया। वंश सैनी का बल्लभगढ स्थित आरटूएफ मॉर्शल आर्ट एके-डमी पहुंचने पर स्वागत किया गया। कोच दुष्यंत सैनी और दिवाकर सैनी ने वंश को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और अभ्यास करें।

स्कूल प्रबंधन ने भी वंश को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 'प्रदूषण नियंत्रण मानकों का नियमों के अनुसार पालन करें सभी उद्योगपति'

## उपायुक्त ने कहा, उद्योगों-व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सख्ती नहीं बल्कि प्रदूषण पर नियंत्रण हमारा उद्देश्य

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि आगामी 1 अक्टूबर से जिला फरीदाबाद सहित एनसीआर क्षेत्र में ग्रेप के नियम लागू होंगे। इसमें डीजल के जेनसेट पर प्रतिबंध होगा। ऐसे में औद्योगिक इकाइयों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को समय रहते अपने जेनसेटों को डीजल से परिवर्तित कर सीएनजी/पीएनजी गैस ईंधन पर आधारित करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसलिए सभी उद्योगपति प्रदूषण नियंत्रण मानकों का नियमों के अनुसार पालन



करें। डीसी विक्रम सिंह ने आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में पर्यावरण विभाग के अधिकारियों, उद्योगिक संगठनों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य फरीदाबाद जिला के संपूर्ण क्षेत्र में वायु गुणवत्ता का सुधार है। हमारा लक्ष्य उद्योगिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सख्ती करना नहीं है। क्योंकि वायु प्रदूषण छोटे-बड़े उद्योगपति या किसान सहित हर व्यक्ति व उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है। वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जो भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, वे सर्वजन के हित में हैं। वायु गुणवत्ता आयोग किसी भी कृषि क्षेत्र और उद्योगों के खिलाफ नहीं है। परन्तु सभी कृषि क्षेत्रों और उद्योगिक इकाईओं को वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए जो भी दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, उनका पालन अवश्य करना होगा। वायु प्रदूषण के मुख्य कारण फसलों के अवशेष जलाने, कच्चे रास्तों पर उड़ती धूल, लैंडफिल में आग, क्रेशर कंस्ट्रक्शन वेस्ट है।

जिसे काबू में करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा लागू की गई एडवाइजरी के परिणाम एक दिन में प्राप्त नहीं हो सकते। इसके लिए हमें निरंतर संयुक्त प्रयास करने होंगे।

बैठक में वन विभाग से राजीव अहलावत, पर्यावरण विभाग अधिकारी, एफआईए से जेपी मल्होत्रा, आईएम एसएमई से राजीव चावला, सहित अन्य उद्योगिक संगठनों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधी उपस्थित रहे।

# ओम एन्क्लेव में मुख्य रोड बनने पर विधायक राजेश नगर का किया धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** विधायक राजेश नागर ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र के ओम एन्क्लेव में मुख्य मार्ग का रिबन काटकर उद्घाटन किया तो स्थानीय जनता ने भी उनके लिए धन्यवाद सम्मेलन आयोजित कर दिया। इसका संयोजन भाजपा नेता लाल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि जनता की सेवा का मुझे अवसर मिला है और मैं 24 घंटे अपनी जिम्मेदारी निभा रहा हूं। नागर ने कहा कि आपकी सभी समस्याओं के बारे में मुझे जानकारी है। सभी कार्यों को यथाशीघ्र करने का



प्रयास किया जा रहा है। विकास कार्यों को तेजी देने के लिएअच्छे अधिकारियों की टीम बनाने का सिलसिला जारी है। मुझे उम्मीद है कि हम तिगांव में विकास की नई इबारत लिखेंगे। विधायक नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से हम जनसेवा में जुटे हैं। आप लोगों ने जिस प्रकार मेरा हमेशा खुलकर समर्थन किया है, बस अपना वैसा सहयोग बनाए रखें।

### रक्तदान तथा अनीमिया चैकअप कैम्प का आयोजन

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर के निर्देशन में लोक उत्थान क्लब, रैड क्रॉस सोसायटी तथा युथ रैड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया` यूथ रैड क्रॉस सोसायटी के प्रभारी श्री अंकित कौशिक के एन.एस.एस. वोलंटियर्स नें रक्तदान शिविर में भरपूर सहयोग दिया` इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विक्रम सिंह, कअर, उपायुक्त फरीदाबाद रहे` प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि मानव कल्याण के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए।

# 'भाजपा ने महंगाई और भ्रष्टाचार के अलावा जनता को कुछ नहीं दिया'



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** ओल्ड फरीदाबाद की भूड कालोनी में स्थानीय निवासियों द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में मुख्यातिथि के रूप में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने शिरकत करके लोगों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने श्री सिंगला को बताया कि उनके यहां ओवरफ्लो सीवरेज, पीने के पानी, टूटी सडकों के अलावा प्रापर्टी आईडी बनवाने में दिक्कत के अलावा फैमिली आईडी में करेक्शन करवाने में भी लोगों को इधर-उधर भागना पड़ रहा है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद कांग्रेसी नेता लखन सिंगला ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की गूंगी बहरी भाजपा सरकार ने लोगों को महंगाई और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया, आज हालात यह हो गए है कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं तो उपलब्ध हो नहीं रही, ऊपर से महंगाई ने लोगों के समक्ष दो जून की रोटी की समस्या पैदा कर दी, लोग जैसे तैसे अपना गुजारा कर रहे है, आज दुकानदार, व्यापारी, उद्योगपति सभी सरकार की कारगुजारियों से परेशान है। श्री सिंगला ने कहा कि जनता ने जिस भरोसे से देश व हरियाणा में भाजपा सरकार को चुना था, आज लोग इस सरकार को कोस रहे है और इससे मुक्ति पाना चाहते है। उन्होंने कहा कि एक दौर पूर्व मुख्यमंत्री श्री हुड्डा का भी था, जब हरियाणा सहित फरीदाबाद का चहुंमुखी विकास हुआ था, लेकिन इस सरकार ने सब चौपट कर दिया। लखन सिंगला ने लोगों को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यो के बारे में बताया तथा उन्हें आगामी चुनावों में कांग्रेस के मेन्युफेस्टों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर लोगों ने कहा कि कमल का फूल हमारी रही भूल और अब इस भूल को हम सुधारेंगे और आने वाले नगर निगम, लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने का काम करेंगे और फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से लखन सिंगला को विजयी बनाकर विधानसभा भेजेंगे ताकि वह क्षेत्र की समस्याओं को जड़मूल से समाप्त करने का काम करे।

# मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से करें पूरा: एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)** अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा कहा कि ने सभी बीएलओ व सुपरवाइजर चुनाव व मतदाता सूचित से सम्बंधित कार्यों को ध्यानपूर्वक व निर्धारित समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें तथा चुनाव आयोग द्वारा जारी निदेर्शों व हिदायतों के अनुसार ही कार्य करें।

एडीसी आनंद शर्मा ने यह बात आज सोमवार को सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में चुनाव कार्यों के संबंध में आयोजित एनआईटी-86 विधान सभा क्षेत्र के बीएलओ व सुपरवाइजरों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। एडीसी आनंद शर्मा



ने कहा कि जिला में महिला मतदाताओं को एनरोल करने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें। जिससे की जिला की 50 प्रतिशत आबादी की हिस्सेदारी भी लोकतंत्र के इस पर्व में सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी स्थानान्तरण कर चुका हो, किसी की मृत्यु हो गयी हो तो यह सुनिश्चित किया जाए की उसका नाम आपके निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट में न हो तथा किसी व्यक्ति का नाम दो बार वोटर लिस्ट में न हो। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को भी वोटर लिस्ट में शामिल करने के लिए कार्य करें तथा उन्हें अपने मताधिकार के बारे में जागरूक कर उन्हें वोटर कार्ड बनवाने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार हाउस टू हाउस सर्वे का कार्यक्रम जिला फरीदाबाद में किया जा रहा है। इस सर्वे में बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर नामांकित पात्र व्यक्तियों की सूचना, दिनांक 1 जनवरी 2024 तक भावी मतदाता, आगामी तीन पुनरीक्षण तिथियों तक भावी मतदाता, डबल वोटर, मृत वोटर, शिफ्टेड वोटर या मतदाता की पृविष्टियों में सुधार जैसी जानकारी एकत्रित करेंगे।

# जिला में कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में पोषण अभियान और अन्य योजनाओं से किया जा रहा अवगत

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में पोषण अभियान के साथ साथ प्रधान मंत्री मंत्री मातृ वंदना योजना, छोटे बच्चों को वैक्सीनेशन करवाने सहित अन्य सरकारी योजनाओं बारे लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार को गांव बुढैना में पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण माह के अंतर्गत महिला गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. मंजू श्योराण ने गोष्ठी में आई महिलाओं अन्य सभी लाभार्थियों को पोषण अभियान के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने भोजन में पोषक तत्व की अधिकता रखने के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। पोषण अभियान के तहत की स्वास्थ्य, भोजन व मोटे अनाज के व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता आयोजन जिला उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन पोषण अभियान के तहत जिला फरीदाबाद में बड़े जोर शोर से महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार अमृत काल में पोषण अभियान के अंतर्गत मनाया जा रहा है। जहां संतुलित आहार व सही भोजन की प्रथाओ के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग सभी आंगनवाडी कार्यकताओं व उपस्थित महिलाओं को सही पोषण देश रोशन की शपथ दिलाई। डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर पोषण अभियान के तहत कम लिंगानुपात वाले क्षेत्र में आयोजित करवाए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। वहीं महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, सूचना जनसंपर्क भाषा एवं सास्कृतिक कार्य विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके आम जनता को जागरूक करने के लिए जिम्मेदारी के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का बेहतर



क्रियान्वयन समयबद्ध पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कम लिंगानुपात वाले गावों में, प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना, छोटे बच्चों को वैक्शीनेशन करवाने सहित अन्य सरकारी योजनाओं बारे अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें।

**क्या है पोषण अभियानः-**
महिला के गर्भवती होने पर बच्चे के 1000 दिन का समय बच्चे के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है और इसी समय में बच्चे की संपूर्ण विधि हो जाती है, तो इस समय में बच्चे के खानपान का एवं साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए। ताकि वे अपने स्वास्थ्य का एवं पोषण का ध्यान रखें। गोष्ठी में श्रीमती गीतिका सभरवाल ने आंगनवाड़ी के सभी बच्चों का वजन एवं माप भी लिया। विभाग की तरफ से आए हुए सभी लाभार्थियों को खान-पान की सामग्री बांटी गई। उन्होंने कहा कि सही पोषण का अर्थ पौष्टिक आहार साफ पानी व सही भोजन प्रथाए अपनाना है। उन्होंने सभी आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को पोषण ट्रेकर से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर मंजु श्योरान ने आंगनवाडी केन्द्रों पर संतुलित व पोष्टिक भोजन बनाओ प्रतियोगिता के द्वारा महिलाओं को जागरूक कर सही पोषण की जानकारी दी। इसी कड़ी में आज सोमवार वहां महिलाओं व आंगनवाडी कार्यकर्ताओ द्वारा संतुलित व पोष्टिक भोजन रेस्पी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मां व शिशु को स्वस्थ व कुपोषण मुक्त बनाने का सन्देश घर- घरः- गोष्ठी में मां व शिशु को स्वस्थ व कुपोषण मुक्त बनाने का सन्देश घर- घर तक पहुचाने का आह्वान किया और महिलाओं को एनीमिया व कुपोषण मुक्त रहने की जानकार दी। पोषण अभियान को शुरू करने की आवश्यकता बच्चो में शारीरिक कमजोरी नाटापन व उम्र के अनुसार कम वजन होना की रोकथाम के लिय हुई हैं। साथ ही यह भी बताया कि संतुलित आहार हमारे स्वास्थ्य व हमे अनीमिया मुक्त बनाने के लिए कितना जरूरी है। मिल्लेट्स/मोटा अनाज का उपयोग कर बनाये गए और स्वादिष्ट व्यंजनों के अनेक लाभों की जानकारी भी दी गई। महिला एवं बाल विकास प्रोग्राम अधिकारी डॉ मन्जू ने महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग व अपने विभाग के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया है। उन्होंने कहा कि बेटा बेटी में कोई फर्क नहीं है। बेटियाँ भी माता-पिता और परिवार, कुटुम्ब,गांव, ब्लाक,जिला,प्रदेश और देश में हर क्षेत्र में बेटों के बराबर नाम रोशन कर रही हैं।

फास्ट न्यूज

## रोहतक-झज्जर के बीच जगह-जगह साइक्लोथॉन का हुआ भव्य स्वागत

**चंडीगढ़:** प्रदेश भर में नशे के विरुद्ध अलख जगाने के लिए निकली साइक्लोथॉन रैली का रोहतक से झज्जर सीमा के बीच जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। नशे के खिलाफ संकल्प के जोरदार नारे भी लगाए गए। रोहतक के उपायुक्त अजय कुमार ने रोहतक में साइकिल रैली का नेतृत्व किया। उन्होंने रैली को हरी झंडी दिखाने के उपरांत स्वयं शुरूआती बिंदु से साइकिल चलाना आरंभ किया और झज्जर सीमा पर रोहतक जिला के गांव मसूदपुर तक उन्होंने लगभग 40 किलोमीटर का सफर साइकिल चलाकर तय किया। डीसी द्वारा साइकिल रैली का नेतृत्व करने से सभी साइकिल यात्रियों का मनोबल बढ़ा।

## इंडिया गठबंधन सनातन संस्कृति को मिटाने वाले गठबंधन- आक्या

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने तमिलनाडु सीएम के पुत्र और युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर दिए विवादित बयान पर बड़ा हमला बोला है। चित्तौड़गढ़ विधायक ने इंडिया गठबंधन को सनातन संस्कृति को मिटाने वाला बताते हुवे कहा कि कांग्रेस पार्टी व इंडिया गठबंधन मिल कर देश की संस्कृति को मिटाने की कोशिश कर रहे है। इसलिए आज सब लोग सनातन धर्म को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर बढ़ रहे है। विधायक आक्या ने इस मामले में कार्रवाई नहीं होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने सोमवार को मीडिया से बातचीत की है। इसमें तमिलनाडु के सीएम के पुत्र व युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान के बाद विधायक बयान सामने आया है।

# राहुलयान की न लॉन्चिंग हो पाई, न लैंडिंग: राजनाथ

## गहलोत ड्राइविंग सीट पर हैं, लेकिन क्लच-एक्सेलरेटर कोई और दबा रहा: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

साधा निशाना

▷ ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान भ्रष्टाचार के मामले में नंबर एक पर है: राजनाथ



**टीम एक्शन इंडिया/रामदेवरा**
**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- चंद्रयान की लॉन्चिंग और लैंडिंग तो सफलतापूर्वक हो गई, लेकिन राहुलयान की 20 साल से न तो लॉन्चिंग हो पाई है न ही लैंडिंग हो पाई है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान भ्रष्टाचार के मामले में नंबर एक पर है। राजस्थान में पेपर लीक हो रहे हैं। सीएम गहलोत जिस गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर बैठे हैं, उसका क्लच और एक्सेलरेटर कोई और दबा रहा है। राजनाथ सोमवार को रामदेवरा में भाजपा की तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले सभा को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। यह यात्रा जोधपुर संभाग में 20 दिन में 51 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी।

**हॉलीवुड फिल्मों के बजट से भी कम में सफलता:** 5-5 परमाणु परीक्षण इसी भूमि पर हुए हैं। यह भूमि कई मायनों में गौरव बढ़ाने वाली है। 1998 में भारत ने जो छलांग परमाणु परीक्षण कर लगाई थी। उसी तरह की छलांग 23 अगस्त को चंद्रयान-3 ने चांद पर उतरकर लगाई है। भारत चांद पर तो पहुंच गया है। अब 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर हम आदित्य-एल1 से सूर्य की तरफ जा रहे हैं। हॉलीवुड फिल्मों से भी कम बजट में ये काम हमारे वैज्ञानिकों ने किए हैं।

**नाम बड़े और दर्शन छोटे:** पीएम नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए 28 दल एक साथ आए हैं। इस गठबंधन के हालात ऐसे हैं कि नाम बड़े और दर्शन छोटे। इन्हीं के गठबंधन के लोग सनातन धर्म को चोट पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस चुप है। राहुल, प्रियंका और सोनिया गांधी इस पर क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं। सनातन धर्म का न कोई जन्म है, न अंत है।

**2027 तक हमारी अर्थव्यवस्था टॉप 3 में होगी:** 2014 में हमारी अर्थव्यवस्था 10वें स्थान पर थी। अब 9 साल बाद भारत अर्थव्यवस्था में 5वें स्थान पर आ गया है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था टॉप 3 में होगी। जब हम लोगों की 2014 में सरकार बनी तब 18 हजार गांवों में बिजली नहीं थी। डेढ़ साल में हमारी सरकार ने बिजली पहुंचाने का काम किया है। जनधन खाते से पैसे सीधे अकाउंट में जाते हैं, जिससे भ्रष्टाचार के रास्ते बंद हो गए हैं। दिल्ली से निकला पूरा पैसा लोगों के पास जाता है। गरीब कल्याण हमारा मंत्र, मिशन है। भारत अब कमजोर नहीं बल्कि ताकतवर देश है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहले हमारी बात नहीं सुनी जाती थी, लेकिन आज जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है। भारत की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में बढ़ी है। कोरोना के समय हमारे वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाई।

## यह सरकार बहरी और गूंगी: वसुंधरा राजे

**पूर्व** मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे देश की धाक पूरे विश्व में जमाई है। देश में गरीबी कम की है। लोगों के जीवन में खुशहाली आई है। राम मंदिर का निर्माण करने का काम मोदी सरकार ने किया है। राजस्थान में 2018 में कांग्रेस झांसा देकर सरकार में आई। उंगलियों पर गिनकर 10 दिन में कर्जा माफ करने की बात कही, लेकिन किया नहीं। आज राजस्थान में कानून और सरकार नाम की कोई चीज नहीं रही। रोज हत्या, गैंगवार, गैंगरेप, लूट की वारदात हो रही है। महिला अत्याचार में राजस्थान एक नंबर पर है। ये सरकार बहरी और गूंगी है।

**गजेंद्र ने कहा- राजस्थान भ्रष्टाचार, माफिया राज में पहले नंबर पर:** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग कभी भगवान राम के अस्तित्व को नकारते हैं, कभी रामसेतु के अस्तित्व को नकारते हैं, कभी राम मंदिर निर्माण में बाधा उत्पन्न करते हैं। 'भारत तेरे टुकड़े होंगे।'

नारा लगाने वाले कन्हैया कुमार को इन्होंने स्टार प्रचारक बनाया है। इन्होंने अलवर के 400 साल पुराने मंदिर को टुकड़े-टुकड़े करने का पाप किया है। कांग्रेस सरकार के काल में अलगाववादी ताकतों के हौसले बुलंद हुए हैं। यही कारण है कि उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या की गई।

## रायपुर की एयर होस्टेस का मुंबई में गला रेता

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**छत्तीसगढ़** की राजधानी रायपुर की रहने वाली एक एयर होस्टेस की मुंबई में हत्या कर दी गई। पुलिस को युवती की लाश उसके फ्लैट से मिली है। बताया जा रहा है कि युवती की गला काटकर हत्या की गई है। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने इस मामले में एक सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, रूपल ओगरे रायपुर के राजेंद्र नगर क्षेत्र की रहने वाली थी। वह कुछ समय से मुंबई के अंधेरी में स्थित एनजी काम्प्लेक्स में अपनी बड़ी बहन और एक दोस्त के साथ रह रही थी। वारदात के दौरान युवती की बहन और उसका दोस्त दोनों अपने होम टाउन गए थे। रूपल एक निजी एयरलाइन कंपनी में एयर होस्टेस थी। हाल ही में उसका चयन हुआ था। वो वहां ट्रेनी के तौर पर काम कर रही थी। बताया जा रहा है कि हत्या मामले में सफाई कर्मचारी को पकड़ा गया है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने बिल्डिंग में काम करने वाले एक शख्स को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया।



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में अल्पसंख्यक तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के लिए कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर कुल 240 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

## भाजपा को हराने के लिए सांप, बिच्छू, नेवला एक पेड़ पर हो रहे इकट्ठा: बृजभूषण

**टीम एक्शन इंडिया/बहराइच**
**भारतीय** जनता पार्टी को हराने के लिए देश के सांप, बिच्छू, नेवला और कबूतर एक पेड़ पर इकठ्ठा हो रहे हैं। जो एक दूसरे के दुश्मन हैं। लेकिन इससे देश का भला होने वाला नहीं है। यह बातें कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह ने कही। शहर के मोहल्ला सरस्वती नगर में एक प्रतिष्ठान का उद्घाटन करने सांसद बृजभूषण सिंह पहुँचे। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष ने पत्रकारों से वार्ता की। एक सवाल के जवाब में सांसद ने कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ देश के लोगों को लूटने के लिए बना है। उन्होंने कहा कि जैसे बरसात में सांप बिच्छू, गोजर, नेवला और कबूतर सुरक्षित स्थान की तलाश करते हैं, इसी तरह यह गठबंधन के लोग हैं। सांसद ने कहा कि उनके ना कोई संयोजक है और न प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं, ऐसे में गठबंधन को क्या कहा जाए। सांसद बृजभूषण ने कहा कि राहुल कहते हैं कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है। यह जनता को बरगलाने का प्रयास किया जा रहा। उन्होंने कहा कि इतनी उम्र होने के बाद भी उन्हें समझ नहीं है, वह मुद्दा ही नहीं उठा पा रहे हैं।

